आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

रामलला का 'सूर्याभिषेक'

रामलला का दोपहर 12.16 बजे सूर्याभिषेक

सुबह रामलला को पंचामृत स्नान के बाद इत्र लेपन व उनका श्रृंगार किया गया

अयोध्या के मंदिर में दिव्य व भव्य नजारा

अयोध्या (एजेंसी)। आज देशभर में धूमधाम से रामनवमी का पर्व मनाया जा रहा है। इस बार की रामनवमी बहुत विशेष है क्योंकि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद रामलला की ये पहली रामनवमी है। 500 साल के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर में विराजे रामलला का विशेषतौर से सूर्याभिषेक किया गया।

इस दौरान रामलला की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर राम मंदिर का विशेष श्रृंगार किया गया है। आज के इस विशेष दिन के लिए सुबह से नगर में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। बुधवार को सुबह सबसे पहले रामलला को दिव्य स्नान कराया गया है। रामलला को पंचामृत स्नान के बाद इत्र लेपन किया गया। रामलला को दुग्ध व पंचद्रव्यों से स्नान कराया गया। प्रतीकात्मक रूप में भी रामलला की सूक्ष्म प्रतिमा का दिव्य स्नान कराया गया। रामलला को स्नान कराने के बाद उनका श्रृंगार किया गया। इस दिव्य और भव्य नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में रामभक्त अयोध्या पहुंचे हैं।

आज रामनवमी के मौके पर अयोध्या में राम मंदिर के कपाट भक्तों के लिए सुबह 3.30 बजे खोल दिए गए हैं। भक्त रात 11 बजे तक रामलला के दर्शन कर सकेंगे। ऐसे में मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई है। दोपहर 12.16 बजे रामलला का सूर्यतिलक किया गया।

रामनवमी के मौके पर रामलला का सूर्यतिलक का नजारा बहुत अद्भुत था। सूर्य की रोशनी मंदिर की तीसरी मंजिल पर लगे पहले दर्पण पर पड़ी। यहां से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में प्रवेश किया। सूर्य की किरण पीतल के पाइप में लगे दूसरे दर्पण से टकराकर 90 डिग्री पर पुन: परावर्तित हो गई। फिर पीतल की पाइप से जाते हुए यह किरण तीन अलग-अलग लेंस से होकर गुजरी और लंबे पाइप के गर्भगृह वाले सिरे पर लगे शिशे से टकराई। गर्भगृह में लगे शिशे से टकराने के बाद किरणें सीधे रामलला के मस्तिष्क पर 75 मिलीमीटर का गोलाकार तिलक लगाया और लगातार पांच मिनट तक प्रकाशमान रही। रामलला के सूर्याभिषेक के दौरान गर्भग्रह में मौजूद पुरोहित मंत्रोच्चारण कर रहे थे। वहीं भक्त श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे।

अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिमा को दिव्य आभूषणों से सजाया गया है। इस दौरान रामलला के विशेष परिधान भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि रामलला को 56 भोग चढ़ाया गया है। आज रामनवमी का उत्सव है. आज के दिन सबकुछ विशेष है।

आज के विशेष मौके के लिए रामलला की विशेष परिधान डिजाइन की गई है, जो पीले पीतांबर रंग की है। इसमें खादी और हैंडलूम का इस्तेमाल किया गया है। इस परिधान को तैयार करने में वैष्णो संप्रदाय के प्रतीकों का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही गोल्ड और सिल्वर धागों का इस्तेमाल हुआ है। रामलला के वस्त्रकार मनीष त्रिपाठी का कहना है कि रामलला के परिधान को तैयार करने में 20 से 22 दिन का समय लगता है. रामलला के वस्त्रों में मखमली कॉटन का इस्तेमाल किया जाता है ताकि अंदर से सॉफ्ट रहे।

श्रीराम जनमानस के रोम-रोम में बसे हैं : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में रामनवमी पर हो रहे भव्य आयोजन पर देशभर के रामभक्तों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर कहा कि देशभर के मेरे परिवारजनों को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी की अनंत शुभकामनाएं! इस पावन अवसर पर मेरा मन भावविभोर और कृतार्थ है। ये श्रीराम की परम कृपा है कि इसी वर्ष अपने कोटि-कोटि देशवासियों के साथ मैं अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का साक्षी बना। (शेष पृष्ठ-3 पर)

गाजियाबाद में गरजे राहुल और अखिलेश

"बीजेपी को मिलेंगी 150 सीटें : राहुल

"इंडिया गठबंधन नई उम्मीद : अखिलेश

गाजियाबाद। लोकसभा चुनाव में INDIA ब्लॉक की सहयोगी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने गुरुवार को यूपी के गाजियाबाद में संयुक्त तौर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीजेपी पर तीखा हमला बोला। दोनों नेताओं ने कहा कि INDIA गठबंधन भाजपा को हरायेगा और गाजियाबाद से गाजीपुर तक एनडीए का सफाया होगा।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दरम्यान मुझे अंदाजा हो जाता है कि कुछ सवाल बीजेपी वाले होंगे। लेकिन मैं उन सवालों के जवाब भी देने के लिए तैयार हूं। राहुल से पहला सवाल किया गया कि दिल्ली की जगह ये प्रेस कॉन्फ्रेंस यूपी के गाजियाबाद में की जा रही है और प्रधानमंत्री के लिए उम्मीदवार भी गुजरात छोड़कर यूपी आ रहे हैं, लेकिन आप यूपी (अमेठी) छोड़कर वायनाड क्यों चले गए हैं? राहुल ने तुरंत टोका और कहा कि ये सवाल बीजेपी वाला है।

राहुल से पूछा गया कि क्या वो अमेठी या रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे? इस पर उन्होंने रिपोर्टर पर तंज कसा और कहा, यह बीजेपी का सवाल है। बहुत अच्छा। शाबास। हालांकि मुझे जो भी आदेश (पार्टी का) मिलेगा, मैं उसका पालन करूंगा। हमारी पार्टी में ये सभी (उम्मीदवारों के चयन) निर्णय कांग्रेस वर्किंग कमेटी की तरफ से लिए जाते हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का कहना था कि मैं सीटों की भविष्यवाणी (शेष पृष्ठ-3 पर)

पुरानी रंजिश में हुई मारपीट 7 पर एफआईआर

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना जेवर क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर मारपीट की दो घटनाएं हुई। दोनों ही मामलों में सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्राम नगला हांडा निवासी रुक्कन ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसका बेटा अजहरुद्दीन अपने फूफा शकीरा के पास से अपने घर आ रहा था। रास्ते में उसे शहजाद, रमजान तथा मुजस्सिन ने रोक लिया। तीनों आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। अजहरुद्दीन ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों के मौके पर इकट्ठा होने के बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वही जेवर खादर निवासी रोहित उर्फ हेतराम ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह अपने घर पर आराम कर रहा था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

दादरी में गैंगस्टर चला रहा था हथियार बनाने की फैक्टरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना दादरी पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए 25 हजार रुपए के एक इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी गैंगस्टर में भी वांछित चल रहा था। पुलिस ने इसके पास से आठ तमंचे, पोनी बंदूक, अधबने हथियार व हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि थाना दादरी प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने मुखबिर की सूचना के आधार पर गैंगस्टर एक्ट में फरार (शेष पृष्ठ-3 पर)

26 को बंद रहेगी जिला अदालत

गौतमबुद्धनगर (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर में 26 अप्रैल, 2024 को लोक सभा सामान्य निर्वाचन है, जिसके परिपेक्ष्य में उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर अवनीश सक्सैना के आदेशानुसार अवगत कराया गया कि 26 अप्रैल (शुक्रवार) को उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधीनस्थ जनपद गौतमबुद्धनगर के समस्त न्यायालय पूर्णत: बंद रहेंगे एवं 26 अप्रैल को नियत पत्रावलियों में सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

नवम सिद्धिदात्री

देवी भगवतो का नौवां स्वरूप सिद्धिदात्री का है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राहि, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व ये आठ सिद्धियां हैं, जिन्हें पाकर साधक सुख समृद्धि का प्रतीक बन जाता है। ये महालक्ष्मीजी की ही स्वरूप हैं। इनकी आराधना के साथ ही नवरात्र व्रत का पारायण होता है। देवी पूजन के साथ कन्या भोज व यज्ञ का विशेष फल मिलता है।

उपासना मंत्र

या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मी रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।

दोस्त की बेटी की अश्लील फोटो कर दी वायरल, फिर दी धमकी



ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। टेलर की दुकान पर काम करने वाले दो युवकों ने अपने साथी की बेटी की आपत्तिजनक फोटो इंस्टाग्राम व सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पीड़ित ने जब दोनों आरोपियों से इस संबंध में बात की तो उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों के खिलाफ थाना सूरजपुर में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

साकीपुर गांव में किराए पर रहने वाले महेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह जगत फार्म में टेलर की दुकान पर काम करता है। उसके साथ शाकिर उर्फ नसरुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन निवासी बिहार व संजय भी टेलरिंग का काम करते थे। कुछ समय पूर्व इन्होंने जगत फार्म से टेलरिंग का काम छोड़ दिया। इसके बाद शाकिर व संजय ने इंस्टाग्राम पर दो नाम से अकाउंट बनाकर उसकी बेटी (शेष पृष्ठ-3 पर)

खतरनाक तरीके से चला रहा था ट्रक

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना नॉलेज पार्क में एक ट्रक चालक के खिलाफ खतरनाक तरीके से ट्रक को चलाने तथा दुर्घटना करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। ट्रक पलटने के कारण एक्सप्रेस-वे पर लंबा जाम लग गया था। यातायात पुलिस के निरीक्षक ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। यातायात निरीक्षक संजय कुमार पाल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 16 अप्रैल को नोएडा से ग्रेटर नोएडा की तरफ जा रहे ट्रक को चालक खतरनाक तरीके से सड़क पर दौड़ा रहा था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

दंपत्ति गये ड्यूटी, बच्चे स्कूल चोरों ने घर किया साफ

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता करनवास में चोरों ने एक मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मकान के मुख्य द्वार पर लगे ताले को तोड़कर लाखों रुपए के सोने के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर ले गए। घटना के समय दंपति ड्यूटी तथा उनके बच्चे स्कूल गए हुए थे।

तिलपता करनवास में रहने वाले सुशील कुमार सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह तथा उसकी पत्नी दोनों ही नौकरी करते हैं। 10 अप्रैल को वह और उसकी पत्नी ड्यूटी तथा उनके बच्चे स्कूल चले गए। दोपहर के समय बच्चे जब स्कूल से वापस घर लौटे तो उन्हें दरवाजे पर लगा हुआ ताला टूटा मिला। घर के भीतर भी सारा सामान बिखरा हुआ था। बच्चों ने चोरी की इस घटना की जानकारी उन्हें दी। सुशील कुमार सिंह के मुताबिक चोर उनके घर से चांदी की तीन पायल, सोने की तीन अंगूठी, सोने के दो लॉकेट, कान के कुंडल, सोने का मंगलसूत्र व अन्य कीमती सामान को चोरी कर ले गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School
imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty
well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning
● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

चुनावी कमान संभालेंगे कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी!

पुरूषोत्तम नागर | शाहबुददीन | दिनेश अवाना | रामकुमार तंवर | लियाकत चौधरी | पवन शर्मा

नोएडा (चेतना मंच)। कांग्रेस पार्टी ने गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी प्रबंधन तथा गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनाव प्रबंधन प्रभारी एवं जोन प्रभारियों की नियुक्ति की है।

कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि पूर्व एआईसीसी सदस्य दिनेश अवाना, अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव लियाकत चौधरी, पीसीसी सदस्य व युवा कांग्रेस में प्रदेश महासचिव शाहबुददीन, पीसीसी सदस्य यतेन्द्र शर्मा, कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर, चरण सिंह यादव, राजकुमार त्यागी तथा फिरे सिंह नागर को चुनाव प्रबंधन प्रभारी नियुक्त किया गया है।

वहीं पूर्व महानगर अध्यक्ष शाहबुददीन, कांग्रेस के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम नागर, संजय तनेजा पूर्व कोषाध्यक्ष, पवन शर्मा प्रदेश महासचिव सोशल मीडिया, सोबी यादव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, जितेंद्र अंबावत पूर्व महासचिव, हरेंद्र शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष, ललित आवाना पूर्व उपाध्यक्ष, विक्रम सेठी पूर्व सेवादल अध्यक्ष, रणवीर भाटी पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, दयाशंकर पांडे पूर्व महासचिव, उदयवीर यादव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष उदयवीर यादव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, कदी खान अल्पसंख्यक नोएडा अध्यक्ष, गौतम अवाना किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष को जोनवार बूथ कमेटी का प्रभारी नियुक्ति किया गया है।

मोबाइल टॉवरों से उपकरण चुराने वालों पर गैंगस्टर

नोएडा (चेतना मंच)। मोबाइल टॉवरों से कीमती उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों के खिलाफ थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए गए आरोपी संगठित गिरोह बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। थाना प्रभारी सर्वेश सिंह ने बताया कि राशिद पुत्र यूनुस, जावेद पुत्र पप्पू व नदीम पुत्र मुस्तकीम निवासी लोनी गाजियाबाद के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए गए आरोपियों पर चोरी आदि के विभिन्न मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि गैंग लीडर राशिद पुत्र यूनुस संगठित (शेष पृष्ठ-3 पर)

घोषणा-पत्र

भाजपा के 'संकल्प-पत्र' में कुछ भी नयापन नहीं है। योजनाओं का या तो विस्तार किया गया है अथवा राष्ट्रीयकरण की घोषणा की गई है। भाजपा पूरी तरह प्रधानमंत्री मोदी के रिकॉर्ड और लोकप्रियता के भरोसे है। प्रत्यक्ष रेवड़ियों अथवा मुफ्तखोरी का कोई भी संकल्प नहीं किया गया है। देश के 80 करोड़ से अधिक गरीबों के लिए 5 किलो 'मुफ्त अनाज' की योजना 2029 तक जारी रहेगी। यह देश आकलन करेगा कि वह इसे 'मुफ्तखोरी' की जमात में रखता है अथवा इसे सामाजिक-राष्ट्रीय कल्याण की जरूरत मानता है! हालांकि कोरोना-काल के काले-आर्थिक प्रभाव अब समाप्त हो चुके हैं। बहरहाल भाजपा का चुनावी घोषणा-पत्र एक राजनीतिक दस्तावेज होने के बजाय प्रशासनिक कार्यक्रम का रोड मैप अधिक लगता है, ताकि देश स्थिर और सशक्त बना रहे। चूंकि प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर काफी आश्वस्त हैं, लिहाजा मौजूदा योजनाओं के विस्तार घोषित किए गए हैं। मसलन-70 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को 'आयुष्मान भारत' के दायरे में रखा जाएगा। ऐसे बुजुर्ग गरीब हों या मध्यवर्गीय हों अथवा सम्पन्न हों, सभी को 5 लाख रुपए तक 'मुफ्त इलाज' की सुविधा दी जाएगी। सरकार ने 60-70 साल के सभी बुजुर्गों को इस योजना में क्यों नहीं रखा, इसका स्पष्टीकरण सरकार ही दे सकती है। इस आयु-वर्ग को भी कंपनियां 'स्वास्थ्य बीमा' नहीं देती हैं अथवा बीमे की किस्त बहुत महंगी होती है। यदि सभी वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान' के दायरे में रखा जाता, तो भाजपा एक और लाभार्थी वर्ग तैयार कर सकती थी। भाजपा ने 'समान नागरिक संहिता', 'एक राष्ट्र, एक चुनाव', 'नागरिकता संशोधन अधिनियम', '3 करोड़ लखपति दीदी' आदि योजनाओं को लागू करने या विस्तार देने की घोषणा की है। भाजपा के वैचारिक कार्यक्रमों में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करना और समान नागरिक संहिता शामिल रहे हैं। अब सिर्फ नागरिक संहिता को ही देश भर में लागू करना शेष है। यह मोदी सरकार के नए कार्यकाल के दौरान सम्पन्न किया जा सकता है। शुक्र है कि 'संकल्प-पत्र' में एनआरसी का कोई जिक्र नहीं है। भाजपा की वैचारिकता में 'तीन तलाक का कानून' और नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत विदेशों में पीड़ित हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी समुदायों को भारत की नागरिकता देना प्रधानमंत्री मोदी ने शामिल किया था। इससे औसतन 18-20 फीसदी मुस्लिम वोट भी भाजपा के पक्ष में आने लगे हैं। 'संकल्प-पत्र' में गरीबों के लिए 3 करोड़ और पक्के घर बनाना, जबकि 4 करोड़ बनाए जा चुके हैं, मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख रुपए से बढ़ा कर 20 लाख रुपए करना, गांवों में 3 करोड़ लखपति दीदी और बनाना, 6000 रुपए की पीएम किसान सम्मान निधि आदि पुरानी योजनाएं ही हैं, जिनमें विस्तार किया गया है अथवा यथावत जारी रखा गया है। इन विस्तारों की घोषणा 'अंतरिम बजट' में और 15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय संबोधन में भी की जा चुकी है। एक योजना में कुछ नयापन प्रतीत होता है। प्रधानमंत्री ने बताया है कि आगामी 5 साल तीन तरह के बुनियादी ढांचे पर फोकस किया जाएगा-सोशल, डिजिटल और फिजिकल। सोशल में नए संस्थान, मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कॉलेज, ट्रक चालकों के लिए राजमार्गों पर आरामगाह बनाए जाएंगे। डिजिटल में 5-जी विस्तार और 6-जी पर काम, इंडस्ट्री के लिए 4.0 आधारभूत ढांचे पर काम किया जाएगा। फिजिकल में राजमार्ग, रेलवे, एयरवे, वाटरवे आदि को आधुनिकतम बनाएंगे। 'संकल्प-पत्र' के 78 पन्नों में 24 गारंटियों के साथ 292 वायदे किए गए हैं। ऐसा नहीं है कि महंगाई, बेरोजगारी आदि का उल्लेख ही नहीं है। दरअसल मोदी सरकार के 10 सालों में ये दोनों मुद्दे नियंत्रण में रखने की कोशिशें हुई हैं। चूंकि भारत उत्पादन और विनिर्माण का हब बनता जा रहा है, लिहाजा रोजगार भी पैदा हुए हैं। सरकारी नौकरी सभी के लिए संभव नहीं है, लेकिन सुखद है कि मुद्रास्फीति 5-6 फीसदी के दायरे में रही है। ऐसा भी दौर भारत ने देखा है, जब मुद्रास्फीति 24-26 फीसदी या 12-14 फीसदी होती थी। फिर भी देश को सब कुछ नए जनादेश पर छोड़ देना चाहिए। रोजगार के मामले में देखें, तो कांग्रेस ने पांच लाख सरकारी नौकरियां देने की बात कही है। उधर लालू के दल ने एक करोड़ सरकारी नौकरियों की बात कही है, लेकिन भाजपा इस मामले में चुप दिखती है।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि उसे देखकर माया सकुचा जाती है। उस पर वह अपनी प्रभुता कुछ भी नहीं कर (चला) सकती। ऐसा विचार कर ही जो विज्ञानी मुनि हैं, वे भी सब सुखों की खानि भक्ति की ही याचना करते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

जीव हृदयँ तम मोह बिसेषी। ग्रंथि छूट किमि परइ न देखी॥
अस संजोग ईस जब करई। तबहुँ कदाचित सो निरुअरई॥
जीव के हृदय में अज्ञान रूपी अंधकार विशेष रूप से छा रहा है, इससे गाँठ देख ही नहीं पड़ती, छूटे तो कैसे? जब कभी ईश्वर ऐसा संयोग (जैसा आगे कहा जाता है) उपस्थित कर देते हैं तब भी कदाचित्‌ ही वह (ग्रंथि) छूट पाती है॥
सात्विक श्रद्धा धेनु सुहाई। जौं हरि कृपाँ हृदयँ बस आई॥
जप तप ब्रत जम नियम अपारा। जे श्रुति कह सुभ धर्म अचारा॥
श्री हरि की कृपा से यदि सात्विकी श्रद्धा रूपी सुंदर गो हृदय रूपी घर में आकर बस जाए, असंख्य जप, तप व्रत यम और नियमादि शुभ धर्म और आचार (आचरण), जो श्रुतियों ने कहे हैं,॥
तेइ तृन हरित चरै जब गाई। भाव बच्छ सिसु पाइ पेन्हाई॥
नोइ निबृत्ति पात्र बिस्वासा। निर्मल मन अहीर निज दासा॥
उन्हीं (धर्माचार रूपी) हरे तृणों (घास) को जब वह गो चरे और आस्तिक भाव रूपी छोटे बछड़े को पाकर वह पेन्हावे। निवृत्ति (सांसारिक विषयों से और प्रपंच से हटना) नोई (गो के दुहते समय पिछले पैर बाँधने की रस्सी) है, विश्वास (दूध दुहने का) बरतन है, निर्मल (निष्पाप) मन जो स्वयं अपना दास है। (अपने वश में है), दुहने वाला अहीर है॥
परम धर्ममय पय दुहि भाई। अवटै अनल अकाम बनाई॥
तोष मरुत तब छमाँ जुड़ावै। धृति सम जावनु देइ जमावै॥
हे भाई, इस प्रकार (धर्माचार में प्रवृत्त सात्विकी श्रद्धा रूपी गो से भाव, निवृत्ति और वश में किए हुए निर्मल मन की सहायता से) परम धर्ममय दूध दुहकर उसे निष्काम भाव रूपी अग्नि पर भली-भाँति औटावें। फिर क्षमा और संतोष रूपी हवा से उसे ठंडा करें और धैर्य तथा शम (मन का निग्रह) रूपी जामन देकर उसे जमावें॥
मुदिताँ मथै बिचार मथानी। दम अधार रजु सत्य सुबानी॥
तब मथि काढ़ि लेइ नवनीता। बिमल बिराग सुभग सुपुनीता॥
तब मुदिता (प्रसन्नता) रूपी कमोरी में तत्व विचार रूपी मथानी से दम (इंद्रिय दमन) के आधार पर (दम रूपी खंभे आदि के सहारे) सत्य और सुंदर वाणी रूपी रस्सी लगाकर उसे मथें और मथकर तब उसमें से निर्मल, सुंदर और अत्यंत पवित्र वैराग्य रूपी मक्खन निकाल लें॥

(क्रमशः.....)

अरुणाचल प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभाने में विफल रही कांग्रेस को क्या माफ किया जाना चाहिए?

कांग्रेस और विपक्ष के तमाम नेता दिल्ली में बैठ कर दावे करते हैं कि लोकतंत्र को कुचला जा रहा है, देश में तानाशाही का माहौल बनाया जा रहा है और विपक्ष को जांच एजेंसियों का डर दिखाया जा रहा है। लेकिन जब आप राज्यों में जाकर देखेंगे तो पाएंगे कि विपक्ष अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभा रहा है। इस बात का सबसे सशक्त उदाहरण अरुणाचल प्रदेश है। अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव साथ ही हो रहे हैं। राज्य में लोकसभा की दो सीटें हैं जबकि विधानसभा की 60 सीटें हैं। इस चुनाव को लेकर विपक्ष कितना गंभीर है इसका अंदाजा आपको इस बात से ही लग जायेगा कि दस विधानसभा सीटें भाजपा चुनाव से पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है क्योंकि इन दस सीटों पर विपक्ष का कोई भी दल अपना उम्मीदवार नहीं खड़ा कर सका।

राज्य में दशकों तक शासन करने वाली कांग्रेस की इस समय क्या स्थिति है इसे इस बात से भी समझ सकते हैं कि 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद जिन 50 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जा रहा है उसमें भी कांग्रेस ने सिर्फ 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं। यानि कांग्रेस राज्य की 60 में से सिर्फ 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसका मतलब यह है कि वह यह चुनाव जीतने के लिए या सरकार बनाने के लिए लड़ ही नहीं रही है। सवाल उठता है कि क्या यही है लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका? सवाल उठता है कि जो दल विपक्ष की भूमिका के साथ न्याय नहीं कर पा रहा वह यदि सत्ता में आया तो क्या कर पायेगा? देखा जाये तो विपक्ष अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभाये तो लोकतंत्र को खतरा हो सकता है। इसलिए मतदाताओं को चाहिए कि कांग्रेस को मुख्य विपक्ष की भूमिका से भी कुछ समय के लिए बाहर कर किसी और दल को यह अवसर दें। आप विडंबना देखिये कि अरुणाचल प्रदेश में कांग्रेस ने जिन 19 उम्मीदवारों को उतारा है उसमें से 17 नये चेहरे हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस का टिकट लेने के लिए कोई पुराना नेता राजी ही नहीं था इसलिए नये चेहरों को आगे बढ़ाया गया है। संभवतः यही कारण है कि राहुल गांधी ने अरुणाचल प्रदेश में अपनी पार्टी का चुनाव प्रचार नहीं किया जबकि वह अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर इस साल के शुरू में अरुणाचल पहुँचे थे।

चुनावों में जनता से किये जा रहे वादों की बात करें तो कांग्रेस एक ओर जहां तमाम तरह के न्यायों की गारंटी देने की बात कर रही है वहीं भाजपा ने %विकसित भारत, विकसित अरुणाचल प्रदेश% नामक संकल्प पत्र में तमाम वादे जनता से किये हैं। महिला सशक्तिकरण, राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण, युवाओं के लिए तमाम सहूलियतें, सरकार की जवाबदेही, राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई और कदम उठाने, राज्य की संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने, सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर आगे बढ़ते रहने, किसानों को आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाने और राज्य की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने जैसे कई प्रमुख वादे किये गये हैं जोकि जनता को भा रहे हैं।

आप पूरे अरुणाचल प्रदेश में पाएंगे कि कांग्रेस चुनाव प्रचार से पूरी तरह गायब है जबकि भाजपा के नेता और कार्यकर्ता गली-गली घूम रहे हैं। वैसे अरुणाचल प्रदेश की यह बात अच्छी लगी कि यहां राजनीतिक पार्टियां उत्तर भारत की तरह अनाप शनाप खर्चे नहीं करतीं। यहां लगातार बड़ी रैलियां आयोजित करने से बचा जाता है और लाउडस्पीकरों पर दिनभर अपने उम्मीदवार के लिए प्रचार करते चुनावी वाहनों से मचने वाले शोर भी नहीं सुनाई देते। यहां घर-घर संपर्क और सामाजिक रूप से होने वाले जन एकत्रिकरण के दौरान लोगों को अपने वादों और उपलब्धियों से अवगत कराया जाता है।

राज्य में दशकों तक शासन करने वाली कांग्रेस की इस समय क्या स्थिति है इसे इस बात से भी समझ सकते हैं कि 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद जिन 50 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जा रहा है उसमें भी कांग्रेस ने सिर्फ 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं।

अरुणाचल प्रदेश में उम्मीदवारों की बात करें तो 50 विधानसभा सीटों के लिए कुल 133 उम्मीदवार मैदान में हैं। सभी सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। पहले विधानसभा चुनावों की मतगणना लोकसभा चुनावों की मतगणना वाले दिन ही कराने का ऐलान किया गया था लेकिन राज्य विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने के चलते अब दो जून को ही पता चल जायेगा कि राज्य में किस पार्टी की सरकार बनेगी। हम आपको बता दें कि भाजपा के जिन 10 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की है उनमें मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी शामिल हैं। भाजपा यहां सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है इसलिए सवाल उठता है कि क्या बहुमत मिलने पर पेमा खांडू ही फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे या राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की तरह भाजपा यहां भी किसी नये चेहरे को आगे करेगी?

विधानसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 50 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि विपक्षी कांग्रेस केवल 19 सीटों पर लड़ रही है। इसके अलावा, मेघालय स्थित एनपीपी ने 20 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं जबकि एनसीपी 14 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा, अरुणाचल डेमोक्रेटिक पार्टी ने चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) एक सीट से लड़ रही है। इसके अलावा 14 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं। आंकड़ों के मुताबिक कुल 80 उम्मीदवार पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में आठ महिलाएं हैं- जो राज्य में अब तक के किसी भी विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक संख्या है। भाजपा ने चार महिलाओं को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने तीन महिलाओं को मैदान में उतारा है और एक महिला निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी चुनावी मैदान में है।

दूसरी ओर, अरुणाचल प्रदेश की दो लोकसभा सीटों की बात करें तो यहां कुल 14 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। अरुणाचल पश्चिम सीट पर आठ उम्मीदवार और अरुणाचल पूर्व सीट पर छह उम्मीदवार मैदान में हैं। एक साथ होने वाले चुनावों में कुल 8,86,848 लोग मतदान करने के पात्र हैं। राज्य में कुल 2,226 मतदान केंद्र हैं और उनमें से 228 तक ही पैदल पहुंचा जा सकता है। लोंगडिंग विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 2-पुमाओ प्राइमरी स्कूल में मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक 1,462 है, जबकि ह्युलियांग निर्वाचन क्षेत्र के मालोगम गांव में केवल एक मतदाता है।

-नीरज कुमार दुबे

स्थिर और मजबूत रुपए की आहट

कई दशकों की लगातार गिरावट के बाद वर्ष 2023-24 में रुपया स्थिर होने लगा है, खासकर इसकी तीसरी और चौथी तिमाही में। हम कह सकते हैं कि वर्ष 2023-24 भारतीय रुपए के लिए बहुत शुभ रहा। गौरतलब है कि वर्ष 2023-24 की पहली दो तिमाहियों में रुपए में डॉलर के मुकाबले मात्र 1.0 प्रतिशत का अवमूल्यन हुआ था। लेकिन इस वित्तीय वर्ष की अंतिम दो तिमाहियों में रुपया-डॉलर विनिमय दर 83.0 रुपए प्रति डॉलर के आसपास स्थिर हो गई। इस प्रकार की स्थिति आम तौर पर अतीत में नहीं देखी गयी है। हम देखते हैं कि 1980 के दशक से ही रुपए का मूल्य लगातार गिरता रहा है, जब हमारा देश प्रशासित विनिमय दर की व्यवस्था से हटकर बाजार द्वारा निर्धारित विनिमय दर पर आ गया था। यह उल्लेखनीय है कि रुपया-डॉलर विनिमय दर 1982 में 9.46 रुपए प्रति अमरीकी डॉलर से बढ़कर 31 मार्च 2023 में 82.17 रुपए प्रति अमरीकी डॉलर हो गई थी। इसका अभिप्राय यह है कि 1982 से लेकर मार्च 2023 तक डॉलर में 868.6 प्रतिशत की गिरावट आई है, यानी पिछले 41 सालों में 5.41 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से रुपए का अवमूल्यन हुआ है। ऐसा देश में तेजी से बढ़ते आयातों और उससे कहीं कम गति से बढ़ते निर्यातों के कारण हुआ है।

घटता चालू खाता घाटा : पिछले एक साल में, हम माल और सेवाओं के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि देख रहे हैं। चालू खाते पर घाटा वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में घटकर केवल 28 अरब अमरीकी डॉलर रह गया है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 1.2 प्रतिशत है। चौथी तिमाही के पहले दो महीनों में घाटा अधिशेष में बदल गया है। यदि यही प्रवृत्ति जारी रहती है, तो पूरे वर्ष के लिए चालू खाते पर घाटा लगभग 30 अरब अमरीकी डॉलर तक कम हो सकता है, जो सकल घरेलू उत्पाद का एक प्रतिशत से भी कम हो सकता है, जो वर्ष 2022-23 के चालू खाते पर घाटे (66 बिलियन अमरीकी डॉलर, सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 2 प्रतिशत) से बहुत कम है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, हालांकि थोड़ा कम है, लेकिन भारतीय मूल के लोगों से आने वाले प्रेषण में वृद्धि से इसकी भरपाई हो रही है। इसी प्रकार, अमरीका और यूरोप में बढ़ती बेरोजगारी के बावजूद, भारतीय मूल के लोगों से आने वाले धन में वृद्धि जारी रही और 2022-23 में 125 अरब अमरीकी डॉलर के मुकाबले 2023-24 में इसके 135 अरब अमरीकी डॉलर होने की संभावना है।

डॉलर की बढ़ रही हैं मुश्किलें : प्रथम विश्व युद्ध के बाद से ही हम डॉलर के मूल्य में निरंतर वृद्धि देख रहे हैं। प्रथम विश्व युद्ध के बाद मित्र राष्ट्रों ने आपूर्ति के बदले में संयुक्त राज्य अमरीका को सोने में भुगतान करना शुरू कर दिया, जिसके कारण अमरीका दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार बन गया। युद्ध की समाप्ति के बाद विभिन्न देशों ने अपनी मुद्राओं को डॉलर से जोड़ दिया और इसके साथ ही दुनिया में 'गोल्ड स्टैंडर्ड' समाप्त हो गया और इस प्रकार डॉलर दुनिया की सबसे

पसंदीदा मुद्रा बन गई। सभी देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार का अधिक से अधिक हिस्सा डॉलर के रूप में रखने लगे। लेकिन वर्ष 2000 के बाद अंतरराष्ट्रीय रिजर्व मुद्रा के रूप में डॉलर का महत्व कम होता गया और अब यह लगभग 58 प्रतिशत पर पहुंच गया है। इतिहास में दुनिया भर के देशों के डॉलर के प्रति आकर्षण के कारण, डॉलर दुनिया की अन्य मुद्राओं, विशेष रूप से विकासशील देशों की मुद्राओं के मुकाबले लगातार मजबूत होता गया। भारत में जहां 1964 में एक डॉलर केवल 4.66 रुपए के बराबर था और अब यह लगभग 83.38 रुपए प्रति अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया है। शायद इसीलिए दुनिया के सभी देश डॉलर को आरक्षित मुद्रा के रूप में रखने और अपने सभी अंतरराष्ट्रीय भुगतान केवल डॉलर में करने में रुचि रखते हैं। डॉलर की इस बढ़ती मांग के कारण, डॉलर साल दर साल मजबूत होता रहा। हालांकि वर्ष 2000 में अंतरराष्ट्रीय रिजर्व करंसी के रूप में अमरीकी डॉलर का हिस्सा 70 प्रतिशत से घटता हुआ अभी तक मात्र 58 प्रतिशत ही रह गया है, लेकिन अमरीकी फेडरल रिजर्व का दावा है कि अमरीकी डॉलर वैश्विक स्तर पर सबसे पसंदीदा मुद्रा बनी हुई है, लेकिन समझना होगा कि डॉलर की लोकप्रियता में गिरावट निरंतर जारी है।

विडॉलरीकरण का स्पष्ट संकेत : हम देखते हैं कि अधिकांश देश धीरे-धीरे, लेकिन निश्चित रूप से डॉलर व्यापार से दूर जा रहे हैं। इसके बजाय वे व्यापार का निपटान अपनी मुद्राओं में करना चाहते हैं। उदाहरण के लिए, भारत पहली बार व्यापार निपटान के लिए रुपया-व्यापार तंत्र को बढ़ावा दे रहा है, और लगभग 20 देशों ने, जिनमें अन्य देशों के अलावा सिंगापुर, ब्रिटेन, मलेशिया, इंडोनेशिया, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान, कतर भी शामिल हैं, इसके लिए सहमति व्यक्त की है और इसे सुविधाजनक बनाने के लिए वास्ट्रो खाते खोले हैं। चीन भी युआन में व्यापार निपटान के लिए जोर दे रहा है। ये वैकल्पिक व्यापार निपटान तंत्र धीरे-धीरे गति पकड़ रहे हैं। हालांकि, डॉलर का हिस्सा अभी भी लगभग 58 प्रतिशत है, फिर भी यह बदलाव स्पष्ट और ध्यान देने योग्य है। अमरीकी डॉलर के प्रभुत्व और व्यापार के निपटान के लिए बड़ी मात्रा में अमरीकी डॉलर रखने की मजबूरी, सामान्य रूप से दुनिया और विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए यह बहुत शुभ नहीं रही है। डॉलर का वैश्विक रिजर्व करंसी के रूप में प्रभुत्व विकासशील देशों के लिए शुभ नहीं रहा है। एक तरफ अमरीकी डॉलर की अस्थिरता और दूसरी तरफ उसके बावजूद डॉलरों के भंडार को रखने की मजबूरी ने उन्हें नुकसान पहुंचाया है। हाल ही में रूस-यूक्रन संघर्ष और दुनिया में अन्य प्रकार से अशांति और बाधाओं के कारण से कुछ विकासशील देशों और क्षेत्रीय ब्लॉकों द्वारा घरेलू मुद्राओं में व्यापार करने के प्रयासों को मदद मिली है, जिससे अमरीकी डॉलर पर निर्भरता कम हुई है। इसने अमरीकी वैश्विक वित्तीय आधिपत्य के लिए एक बड़ा झटका दिया है। कच्चे तेल के आयात में अमरीकी डॉलर की अनिवार्यता की समाप्ति, गैर-डॉलरीकरण और अंतरदेशीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग में वृद्धि की दिशा में चल रहे वैश्विक रुझान को दर्शाती है। सबसे पहले, रूस से कच्चे तेल की बड़ी खरीद और रुपए और गैर-डॉलर मूल्यवर्ग के भुगतान करना, भारत-यूएई द्वारा भारतीय रुपए में समझौता, दक्षिणी विश्व के देशों के लिए एक उदाहरण स्थापित करता है। यह उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार करने से विकासशील देशों को बड़े लाभ हुए हैं, जिसमें विनिमय दरों में कमी और अमरीकी डॉलर से जुड़ी अस्थिरता को कम करके व्यापार को अधिक पूर्वानुमानित और स्थिर बनाना शामिल है।

आत्मनिर्भर औद्योगिक नीति का भी मिल रहा लाभ गौरतलब है कि पिछले लगभग 3 दशकों से ज्यादा समय से देश में आयात तेजी से बढ़े हैं, जबकि निर्यातों में पर्याप्त वृद्धि नहीं हुई है। देश में बढ़ती आमदनियों और औद्योगिक विकास के अभाव में देश में आयात लगातार बढ़ते गए और निर्यातों में पर्याप्त वृद्धि नहीं हुई, यह देश में रुपए के अवमूल्यन का एक बड़ा कारण बना। लेकिन वर्ष 2021 में कोरोना महामारी से सीख लेते हुए भारत ने तेजी से आत्मनिर्भरता के रास्ते पर चलना शुरू किया है। पीएलआई यानी उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन के माध्यम से अब उन सब उद्योगों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो गैरबराबरी की विदेशी प्रतिस्पर्द्धा के कारण बंद हो गए थे। इसके साथ ही साथ नई पीढ़ी के उद्योगों जैसे सोलर विद्युत उपकरण, सेमी कंडक्टर, टेलीकॉम और ड्रोन इत्यादि को भी प्रोत्साहित करने का प्रयास चल रहा है। इन सब प्रयासों के मद्देनजर सरकार द्वारा प्रोत्साहित सभी क्षेत्रों में निवेश में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिल रही है। इन सबके कारण जहां एक ओर आयातों पर अंकुश लगेगा, निर्यातों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इससे भारत का व्यापार घाटा और भुगतान शेष घाटा कम होंगे।

-डा. अश्वनी महाजन
कालेज प्रोफेसर

राशिफल

चैत्र कृष्ण पक्ष : नवमी (विक्रम संवत् 2081)

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
घरेलू सुख बाधित रहेगा, लेकिन घर से उपयोगी चीजें आपको मिलेंगी, मौजूद होंगी। स्वास्थ्य में सुधार।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
व्यापारिक स्थिति में सतुंलन बढ़ेगा। व्यापारिक विस्तार बढ़ेगा। आपका चमकेगा। प्रेम, संतान पर ध्यान दें।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
स्वास्थ्य अच्छा नहीं चल रहा है। प्रेम, संतान की स्थिति पहले से बेहतर है। व्यापार भी अच्छा है।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। जरुरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
मन चितिंत रहेगा। खर्चे को लेकर भी मन परेशान रहेगा। स्वास्थ्य सुधर चुका है।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
स्वास्थ्य अच्छा नहीं चल रहा है। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है। आर्थिक स्थिति में सुधार है।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
व्यवसाय की स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। राजनीतिक लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान अच्छा।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
भाग्यवश काम बनेंगे। राह के रोड़े हटेंगे। यात्रा में लाभ होगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
बचकर रहें। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
जीवनसाथी के साथ बड़े प्यार से रहेंगे इन दिनों। नौकरी-चाकरी में भी अच्छी स्थिति बनेगी। प्रेम, संतान भी अच्छा है।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
डिस्टर्बेंस फील करेंगे। लोगों की तरफ से भी थोड़ा डिस्टर्ब किए जाएंगे, लेकिन जीत आपकी होगी।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
भावुक होकर निर्णय मत लीजिएगा। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य भी ठीक-ठाक। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार अच्छा है।

बेटियों को दी गयी निःशुल्क किताबें

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। चैत्र नवरात्र की रामनवमी के अवसर पर उम्मीद संस्था ने कन्याओं को भोजन कराया। उम्मीद संस्था के संस्थापक एवं संयोजक डॉ देवेंद्र कुमार नागर एवं, बीकेयू अंबावता संगठन के किसान नेता राजकुमार रूपवास ने बताया कि कन्या पूजन के दौरान बच्चों को भविष्य को संवारने के लिए पुस्तक उपहार स्वरूप भेंट की गयी। बेटियों को यदि आप सशक्त बनाना चाहते हैं तो उन्हें शिक्षित करें यदि आप चाहते हैं कि उनकी नवरात्रि के दिनों में ही नहीं बल्कि प्रत्येक दिन पूजा हो तो उन्हें अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में उनका सहयोग करें बेटे और बेटियों को शिक्षा के समान अवसर प्रदान करें जिस समाज में बेटियां पढ़ रही हैं। वही समाज विकास की तीव्र गति प्राप्त कर रहा है। इस मौके पर लच्छछो देवी, मास्टर हुकम सिंह आर्य, जागेश कुमार, अनिल प्रधान, महाराज सिंह, मास्टर ब्रह्म सिंह, राजकुमार रूपबास आदि संस्था के लोग उपस्थित रहे।

भाजपा चुनाव संचालन समिति की बैठक कल भाजपा के जिला कार्यालय तिलपता में हुई। इसमें लोकसभा के संयोजक प्रणीत भाटी एवं जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी मौजूद रहे।

सेक्टर-142 स्थित शहदरा गांव में अपनी मांगो को लेकर धरने पर बैठे भाकियू (बलराज) संगठन के कार्यकर्ता

सबमर्सिबल पंप की मोटर, पाइप चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बादलपुर क्षेत्र के छपरौला गांव में चोरों ने एक प्लॉट में लगे सबमर्सिबल पंप की मोटर, केबल व लोहे के पाइप चोरी कर लिए। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम दुरियाई निवासी नरेंद्र कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने एक प्लॉट छपरौला गांव में चौधरी मार्केट के पास ले रखा है। खाली पड़े इस प्लॉट की बाउंड्री कराकर उन्होंने वहां सबमर्सिबल लगाया हुआ है। 14 अप्रैल को चोरों ने उनके प्लॉट में लगे सबमर्सिबल को खोल लिया। चोर सबमर्सिबल की मोटर, केबल और लोहे के 5 पाइपों को चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

उत्साहित है कार्यकर्ता : सिंह



भदोही। भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में कल लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर विनोद बिंन्द ने ज्ञानपुर विधानसभा के अंतर्गत पड़ने वाले कई गावों का दौरा किया। और वरिष्ठ नेताओ से मुलाकात की। चुनाव के लिए रणनीति बनाई गई लोकसभा प्रत्याशी डॉ विनोद बिन्द ने कहा हम आप सभी के आशीर्वाद का अभिलाषा रखता हूं।

जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा डॉक्टर विनोद बिन्द प्रत्याशी के रूप में भाजपा ने हम सभी के बीच में भेजा है इनको यहां से भारी से भारी मतों से जीता कर दोही से इतिहास रचने का काम किया जाएगा। आने वाले सभी दिन हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है हर एक दिन हम सभी लोग रात दिन मेहनत करके इनके जीताने का काम करेंगे। लोकसभा प्रभारी अभिमन्यु सिंह ने कहा हमारे कार्यकर्ता बहुत ही उत्साहित है आने वाले समय में इसका रिजल्ट देंगे 2024 का चुनाव यहां से कमल खिलेगा यह मैं सभी को आश्वासन देता हूं।

इस अवसर पर पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष हौसला प्रसाद पाठक, विजय बहादुर पाठक, जेपी मिश्रा, सपना दुबे, वीरू शुक्ला, छत्रपति सिंह, राजेश सिंह, मनीष पांडेय, गोवर्धन राय, राजेंद्र पाल, मंटू सिंह, श्रीनिवास चतुर्वेदी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बड़ी कठिन है भाजपा की डगर...

भदोही। लोकसभा सीट पर प्रत्याशी घोषित होते ही ब्राह्मण मतदाताओं के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ता भी खासे नाराज हो गए हैं। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर विनोद बिंद की राह काफी कठिन दिखाई पड़ रही है। हालांकि भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर विनोद बिंद भाजपा के दिग्गज नेताओं के घर जाकर उन्हें मनाने एवं उनका आशीर्वाद लेने का काम प्रारंभ कर दिया है। लेकिन सर्वाधिक मतदाता ब्राह्मण समाज से इस लोकसभा क्षेत्र में आते हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की नाराजगी कहीं भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर विनोद बिंद को भारी ने पड़ जाए इसका अंदेशा भाजपा के खेवनहारों में हलचल मचाए हुए हैं। हालांकि मतदान में अभी एक महीने का समय है। इस समय में मतदाताओं की नाराजगी खत्म होती है या नहीं यह तो चुनाव परिणाम के बाद ही पता चलेगा लेकिन जिस तरह से ब्राह्मण मतदाता सोशल मीडिया पर बाहरी प्रत्याशी को लेकर डॉक्टर विनोद बिंद की घेरे बंदी करने में जुटे हैं। उससे भाजपा के नेताओं के माथे पर तनाव की लकीरें साफ दिखाई दे रही है।

पृष्ठ एक के शेष....

श्रीराम जनमानस....

अवधपुरी के उस क्षण की स्मृतियां अब भी उसी ऊर्जा से मेरे मन में स्पंदित होती हैं।

यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या के भव्य और दिव्य राम मंदिर में हमारे राम लला विराजमान हो चुके हैं। रामनवमी के इस उत्सव में आज अयोध्या एक अप्रतिम आनंद में है। 5 शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद आज हमें ये रामनवमी अयोध्या में इस तरह मनाने का सौभाग्य मिला है। यह देशवासियों की इतने वर्षों की कठिन तपस्या, त्याग और बलिदान का सुफल है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम भारतीय जनमानस के रोम-रोम में रचे-बसे हैं, अंतर्मन में समाहित हैं। भव्य राम मंदिर की प्रथम रामनवमी का यह अवसर उन असंख्य राम भक्तों और संत-महात्माओं को स्मरण और नमन करने का भी है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राम मंदिर के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन और उनके आदर्श विकसित भारत के निर्माण के सशक्त आधार बनेंगे। उनका आशीर्वाद आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। प्रभु श्रीराम के चरणों में कोटि-कोटि नमन और वंदन!

दादरी में गैंगस्टर...

चल रहे मुस्ताक पटेल उर्फ मुस्तफा निवासी सिरजा खानी मोहल्ला कस्बा बिलासपुर को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी हाल में कटहरा रोड नई आबादी में रह रहा था। पकड़े गए मुस्ताक पटेल उर्फ मुस्तफा पर गैंगस्टर एक्ट में वांछित चलने के कारण 25000 का इनाम घोषित था। पुलिस ने इसके पास से 7 तमंचे 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर, 12 बोर की पोनी बंदूक, लोहा गरम करने की भट्टी, संडासी, रेती, छैनी, हथोड़े, फूंकनी, प्लास, टूल किट, लकड़ी काटने की आरी,रिपीट, स्क्रू व भारी मात्रा में लोहे की नाल बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी जावेद पुत्र अनवर के साथ मिलकर अवैध रूप से तमंचे बनाता है। तमंचों को वह अपराधिक तत्वों को बेचकर पैसा कमाते हैं। इसके अलावा मौका पड़ने पर सुनसान जगह पर आने जाने वाले लोगों को तमंचा दिखाकर उनके साथ लूटपाट की घटना को भी अंजाम देते हैं। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

मोबाइल टॉवरों से...

गिरोह बनाकर अपने साथियों के साथ मिलकर मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देता है। पुलिस ने चोरी के आरोप में तीनों आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

पुरानी रंजिश में...

इस दौरान गांव के ही जगमोहन, अंशुल, चिंटू व राजवीर जबरन उसके घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। उसके भाई अजय ने जब उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें हमलावरों के चंगुल से बचाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक आरोपी पूर्व में भी उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी दे चुके हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

गाजियाबाद में गरजे...

नहीं करता। 15-20 दिन पहले मैं सोच रहा था कि बीजेपी करीब 180 सीटें जीतेगी, लेकिन अब मुझे लगता है कि उन्हें 150 सीटें मिलेंगी। हमें हर राज्य से रिपोर्ट मिल रही है कि इंडिया ब्लॉक मजबूत होता जा रहा है। उत्तर प्रदेश में हमारा गठबंधन बहुत मजबूत है और हम बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी के हाल ही में न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू पर भी बयान दिया। राहुल का कहना था कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने एएनआई को एक बहुत लंबा इंटरव्यू दिया है, लेकिन यह स्क्रिप्टेड था और एक फ्लॉप शो साबित हुआ। प्रधानमंत्री ने इसमें चुनावी बॉन्ड को समझाने की कोशिश की। जिन्होंने बीजेपी को पैसा दिया, आपने वो तारीखें क्यों छिपाईं? ये दुनिया की सबसे बड़ी लूट-खसोट वाली स्कीम है, ये बात भारत के सभी व्यापारी समझते हैं। जानते हैं प्रधानमंत्री जो सफाई देना चाहते हैं, उससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

राहुल गांधी का कहना था कि यह विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ आरएसएस और बीजेपी संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं तो दूसरी तरफ इंडिया ब्लॉक और कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने की कोशिश कर रही हैं। चुनाव में दो-तीन बड़े मुद्दे हैं। बेरोजगारी सबसे बड़ा और महंगाई दूसरा सबसे बड़ा मुद्दा है, लेकिन बीजेपी ध्यान भटकाने में लगी हुई है। न तो प्रधानमंत्री और न ही बीजेपी इन मुद्दों पर बात करती है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि गाजियाबाद में आज यह प्रेस कॉन्फ्रेंस की इसलिए है, क्योंकि वो इंडिया गठबंधन का नाम तक नहीं ले पाते हैं। इस बार चुनाव में गाजियाबाद से गाजीपुर तक एनडीए का सफाया होने वाला है। यूपी वाले तो स्वागत भी बहुत अच्छा करते हैं। इस बार विदाई भी बहुत अच्छे तरीके से होने जा रही है। इंडिया गठबंधन नई उम्मीद है। गरीबी दूर करने के लिए हमारे घोषणा पत्र में विजन बताया गया है। इंडिया गठबंधन के साथी एमएसपी की गारंटी देने का वादा कर रहे हैं, लेकिन जिस दिन केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ा देगी, उसी दिन से गरीबी कम होना शुरू हो जाएगी।

सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड ने इनका बैंड बजा दिया है। बीजेपी सभी भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। वे न सिर्फ भ्रष्टाचारियों को (अपनी पार्टी में) ले रहे हैं, बल्कि भ्रष्टाचारियों द्वारा कमाया गया पैसा भी अपने पास रख रहे हैं। अखिलेश ने कहा, मैं रामनवमी के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। मुझे खुशी है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। आज हम गाजियाबाद में हैं और इस बार इंडिया ब्लॉक गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक बीजेपी का सफाया कर देगा। आज किसान परेशान हैं, क्योंकि बीजेपी के सारे वादे झूठे निकले।

दोस्त की बेटी की...

के आपत्तिजनक फोटो वायरल कर दिए। किसी व्यक्ति ने उसे बताया कि उसकी बेटी के आपत्तिजनक फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहे हैं। इंस्टाग्राम की आईडी से पता चला कि शाकिर उर्फ नसरुद्दीन व संजय ने यह फोटो वायरल किए हैं। उसने इस संबंध में फोन पर दोनों से बात की तो उन्होंने उससे गाली-गलौज करते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी।

पीड़ित के मुताबिक वह जगत फार्म से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान उसे दुर्गा गोल चक्कर पर रोक कर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

खतरनाक तरीके ...

तेज गति में होने के कारण ट्रक नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सफीपुर कट के पास पलट गया। ट्रक की चपेट में आने से कई राहगीर बाल बाल बचे। इस दुर्घटना की वजह से एक्सप्रेस-वे पर भी लंबा जाम लग गया। जाम की वजह से राहगीरों व अन्य वाहन चालकों को भी खासी परेशानी उठानी पड़ी। यातायात निरीक्षक ने चालक के खिलाफ ट्रक को खतरनाक तरीके से चला कर दुर्घटना करने तथा लोगों की जान खतरे में डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

दंपत्ति ड्यूटी, बच्चे...

पुलिस के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

हबीबपुर में निर्माणाधीन अवैध भवन का विद्युत कनेक्शन काटने के निर्देश

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व एनपीसीएल ने कसा शिकंजा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। हबीबपुर गांव में भू-माफियाओं द्वारा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित तथा कब्जा प्राप्त जमीन पर अवैध रूप से बहुमंजिला भवन के खिलाफ प्राधिकरण के साथ-साथ अब विद्युत विभाग ने भी शिकंजा कसना तेज कर दिया है।

नोएडा पॉवर कंपनी लिमिटेड एनपीसीएल ने निर्माणाधीन अवैध बहुमंजिला भवन के मालिक देवेश मलिक पुत्र अरविंद मलिक को नोटिस जारी कर कहा कि वे प्राधिकरण से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर विद्युत विभाग में शीघ्र जमा करायें वर्ना उनका विद्युत कनेक्शन स्थाई रूप से विच्छेदित कर दिया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक ने इस बाबत एनपीसीएल को पत्र लिखकर सूचित कर दिया कि खसरा नं. 156 पर बन रहा बहुमंजिला भवन अवैध है। यह भवन प्राधिकरण की अधिसूचित एवं कब्जा प्राप्त जमीन पर बनाया जा रहा है। इसलिए देवेश मलिक को विद्युत कनेक्शन न दिया जाए।

सूत्र बताते हैं कि प्राधिकरण द्वारा नोटिस दिये जाने के बाद भी एनपीसीएल ने अभी तक खसरा नं. 156 में विद्युत कनेक्शन नहीं काटा है। इसमें विभागीय सांठगांठ की भी जारों पर चर्चा है।

खास खबर

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) ग्रेड पेश की

बेंगलुरु, एजेंसी। ग्राहक-सबसे पहले की अपनी संस्कृति और उनकी आवश्यकताओं का ख्याल रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) पेट्रोल संस्करण में एक नए ग्रेड की शुरुआत की घोषणा की। इनोवा हाइक्रॉस लाइन-अप का नवीनतम संयोजन, 10 से अधिक उन्नत आराम और प्रौद्योगिकी सुविधाओं का दावा करता है, जिससे उन ग्राहकों के लिए मूल्य प्रस्ताव का स्तर बढ़ जाता है जो अधिक की तलाश में हैं। इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) ग्रेड की बुकिंग खुली हुई है और डिलीवरी 15 अप्रैल 2024 से शुरू होने की उम्मीद है। जीएक्स (ओ) ग्रेड 7 और 8 सीट वाले विकल्पों में पेश किया गया है। यह सात गतिशील रंगों में उपलब्ध है - ब्लैकिश एजहा

ग्लास फ्लेक, प्लैटिनम व्हाइट पर्ल, एटीट्यूड ब्लैक मीका, स्पार्कलिंग ब्लैक पर्ल क्रिस्टल शाइन, सिल्वर मेटालिक, सुपर व्हाइट और अवंत गार्डे ब्रोन्ज मेटैलिक। नई पेशकश पर टिप्पणी करते हुए, सबरी मनोहर वाइस प्रेसिडेंट, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, टीकेएम में, हम लगातार बाजार की जरूरतों को सुन रहे हैं और इस प्रकार यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम जो भी वाहन पेश करते हैं वह हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप हो। नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) ग्रेड इस दर्शन का एक प्रमाण है जो विलासिता और दक्षता की भावना को सावधानीपूर्वक मिश्रित करते हुए बेहतर आराम और उन्नत तकनीक प्रदान करता है। जबकि प्रदर्शन शीर्ष श्रेणी का बना हुआ है, 10+ फीचर्स उन ग्राहकों के साथ दृढ़ता से प्रतिध्वनित होने की उम्मीद है जो अपनी विकसित जीवनशैली आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से एक आकर्षक प्रस्ताव के साथ पूरी तरह से लोडेड पेट्रोल रूपांतर की तलाश में हैं।

रैपिडो और मध्य प्रदेश चुनाव आयोग की पहल मतदाताओं को प्रदान करेगी परिवहन सेवाएं

भोपाल। देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ भारत के प्रमुख कम्यूट ऐप रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल का लॉन्च किया है। मध्य प्रदेश राज्य चुनाव आयोग के सहयोग से रैपिडो भारतीय आम चुनाव 2024 के दौरान नागरिक भागीदारी में भूमिका निभाने जा रही है। अपनी इस ऐतिहासिक पहल के तहत रैपिडो मध्य प्रदेश के मुख्य शहरों जैसे जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर और उज्जैन में मतदाताओं को मुफ्त बाईक टैक्सी राईड उपलब्ध कराएगी। नागरिकों के मतदान के अधिकार को बढ़ावा देना तथा चुनाव प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। ये प्रयास रैपिडो के राष्ट्रव्यापी अभियान के अनुरूप हैं, जिसके तहत 100 से अधिक शहरों में चुनाव के दिन मुफ्त राईड उपलब्ध कराने के लिए 10 लाख से अधिक कैप्टन्स को लगाया गया है। मध्य प्रदेश राज्य चुनाव आयोग के साथ रैपिडो की साझेदारी ऐसा ब्राण्ड बनने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो बेहतर समाज के निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सके। रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कहा, ''हम इस पहल के द्वारा सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर और उज्जैन में हर मतदाता भारतीय आम चुनाव 2024 के दौरान अपने मतदान के कर्तव्य को सफलतापूर्वक निभाएं। ये मुफ्त राईड्स उपलब्ध कराकर हम लोकतंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं।

हायर इंडिया ने पेश की एस800क्यूटी क्यूएलईडी सीरीज

इमर्सिव व्यूइंग के लिए नया बेंचमार्क किया स्थापित

नई दिल्ली, एजेंसी। लगातार 15 सालों से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड, हायर अप्लायंसेज इंडिया ने अपनी नवीनतम स्मार्ट क्यूएलईडी सीरीज एस800क्यूटी के लॉन्च की घोषणा की है। होम एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन की गई इस सीरीज में 4के क्यूएलईडी डिस्प्ले है और यह 4 साइज 75, 65, 55 और 43 में आती है, जो सभी चैनलों पर 38,990 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी। ऑल-न्यू क्यूएलईडी सीरीज एक अद्वितीय मनोरंजन अनुभव प्रदान करने, उन्नत सुविधाओं की पेशकश करने और मंत्रमुग्ध करने वाले डिजाइन तत्वों की हायर इंडिया की व्यापक प्रशंसा पर आधारित है। अपने मूल में क्वांटम डॉट तकनीक के साथ, एस800क्यूटी सीरीज रंगों का एक असाधारण स्पेक्ट्रम, अविश्वसनीय रूप से शानदार विजुअल्स और 4च डिस्प्ले के साथ बेजोड़ स्पष्टता प्रदान करती है। यह रेवोल्यूशनरी सीरीज दृश्यात्मक रूप से आकर्षक लुक के साथ अत्याधुनिक तकनीक को एकीकृत करती है, जिसका लक्ष्य उपभोक्ताओं को अपने घर के आराम से एक अद्वितीय सिनेमाई यात्रा में डुबो देना है।

डॉल्बी विज़न एटमॉस

डॉल्बी विज़न एटमॉस के साथ, आप वास्तव में फिल्म, शो, म्यूजिक, स्पोर्ट्स या कोई अपना पसंदीदा गेम देखने, सुनने और खेलते वक्त उनसे जुड़ाव का एक गहन अनुभव महसूस कर सकते हैं। एक अद्वितीय इमर्सिव एक्सपीरियंस के साथ तैयार रहें, जो आपको और अधिक ललचाने पर मजबूर कर देगा।

नई सीरीज होम इंटरटेनमेंट में एक नया मानदंड स्थापित करने के लिए तैयार है, जो उपभोक्ताओं को उन्नत प्रौद्योगिकी और बेहतर डिजाइन की प्रतिभा का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करती है। इस नवीनतम पेशकश के साथ, हायर इंडिया ने उद्योग में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की है, जो अपने समझदार ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने और उससे आगे बढ़ने के लिए लगातार इनोवेशन कर रहा है।

क्या डेयरी ऋण योजना के तहत नाबार्ड सीधे लोन देता है अफवाहों पर बैंक ने बयान जारी कर साफ की स्थिति

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने नाबार्ड डेयरी ऋण योजना के बारे में फैलाए जा रहे अफवाहों पर एक बयान जारी कर स्थिति साफ की है। नाबार्ड ने स्पष्ट रूप से उन झूठे दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि, वह डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसायों के लिए सीधे ऋण प्रदान करता है। नाबार्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त दावों में दी गई जानकारी पूरी तरह से गलत है। नाबार्ड ने कहा है कि वह एक शीर्ष विकास वित्त संस्थान के रुप में, ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है। नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है। नाबार्ड ने अपने सभी हितधारकों, विशेषकर किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को ऐसी गलत सूचनाओं के संबंध में सावधानी बरतने और उनमें विश्वास करने तथा उनका प्रचार-प्रसार करने से बचने के लिए आग्रह किया है। नाबार्ड ने कहा है कि असत्यापित जानकारी से किसी को भी वित्तीय जोखिम और गलतफहमी हो सकती है। नाबार्ड ने कहा है कि विभिन्न योजनाओं की सटीक जानकारी नाबार्ड की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। नाबार्ड ने कहा है कि संधारणीय आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यान्वित की जा रही विभिन्न पहलों और योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास और कृषि को बढ़ावा देने के प्रतिबद्ध है। नाबार्ड ने हितधारकों से अपील की है कि, वे सटीक जानकारी का प्रसार सुनिश्चित करने और गलत जानकारी के प्रसार को रोकने में सहायता करें। नाबार्ड ने कहा है कि अधिक स्पष्टीकरण के लिए या पूछताछ के लिए, कृपया सीधे नाबार्ड या उसके निकटतम कार्यालय से संपर्क करें।

रियलमी ने रियलमी पी सीरीज 5जी लॉन्च की

रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स पेश किए

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी लेटेस्ट रियलमी पी सीरीज में 5जी स्मार्टफोन रियलमी पी1 प्रो 5जी और रियलमी पी1 5जी लॉन्च किए हैं। ये दोनों अत्याधुनिक डिवाइस अपनी शानदार परफॉर्मेंस और असाधारण यूजर अनुभव के साथ मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा देंगी। ये भारतीय ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी। नई पी सीरीज के साथ रियलमी अपना रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च करेगा।

इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा हमें रियलमी पी सीरीज 5जी पेश करने की खुशी है यह स्मार्टफोन उद्योग में परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर देगा। रियलमी पी सीरीज 5जी के साथ हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आधुनिक फीचर्स पेश किए हैं जो मिड-रेंज सेगमेंट की परिभाषा बदल देंगे। साथ ही हमने नई पी सीरीज के साथ रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च किए हैं। हमारा मानना है कि ये स्मार्टफोन और एआईओटी उत्पाद इनोवेटिव और ट्रेंडसेटिंग स्मार्टफोन पेश करने वाले ब्रांड के रूप में हमारी प्रतिष्ठा को बढ़ाएंगे। हम इस साल नई पी सीरीज के लॉन्च के साथ फ्लिपकार्ट पर 50 मिलियन बिक्री का आंकड़ा छूना चाहते हैं। नई रियलमी पी सीरीज 5जी परफॉर्मेंस और डिस्प्ले के मामले में सर्वश्रेष्ठ होने के साथ शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है इन स्मार्टफोन्स का डिजाइन रियलमी के डीएनए के अनुरूप बोल्ड और बाजार में नया है जो यूजर्स को मोहित कर देगा। रियलमी पी1 5जी में शक्तिशाली मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7050 5जी चिपसेट, 120हर्ट्ज एमोलेड डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्जिंग और 5000एमएएच की शक्तिशाली बैटरी दी गई है। जबकि रियलमी पी1 प्रो 5जी में ओआईएस के साथ 50 मेगापिक्सल का सोनी लाइट-600 कैमरा, 120हर्ट्ज कर्व्ड विजन डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्ज के साथ 5000एमएएच की शक्तिशाली बैटरी और क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 6 जेन 1 5जी चिपसेट है।

रियलमी पैड 2 - वाई-फाई वैरिएंट अपनी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ टैबलेट के अनुभव में क्रांतिकारी परिवर्तन ला देगा। इसमें सबसे अच्छे विजुअल अनुभव के लिए एक बड़ा 120हर्ट्ज 2के डिस्प्ले दिया गया है। इसके अलावा, इसमें उत्पादकता बढ़ाने के लिए अनेक फीचर्स दिए गए हैं, जैसे इसमें 33वॉट का सुपरवूक चार्जिंग सिस्टम और 8360एमएएच की शक्तिशाली बैटरी है, जो पूरे दिन लगातार उपयोग की जा सकती है।

जीई एयरोस्पेस जीई वर्नोवा स्पिन-ऑफ के समापन के बाद एक स्वतंत्र और निवेश-श्रेणी की सार्वजनिक कंपनी के तौर पर लॉन्च हुई

न्यूयॉर्क, एजेंसी। जीई एयरोस्पेस ने जीई वर्नोवा स्पिन-ऑफ के पूरा होने के बाद एक स्वतंत्र सार्वजनिक कंपनी के तौर पर अपने आधिकारिक लॉन्च की घोषणा कर दी है। यह फ्लाइट के भविष्य को परिभाषित करेगी। जीई एयरोस्पेस ब्रश टिकर के तहत न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड करेगी। आज 2 अप्रैल, 2024 को सुबह 9:30 बजे इटी पर जीई एयरोस्पेस और जीई वर्नोवा एनवायएसइ में साथ मिलकर ओपनिंग बेल को बजायेंगे। जीई एयरोस्पेस के चेयरमैन एवं सीईओ एच. लॉरेन्स कल्प जूनियर ने कहा, ''तीन स्वतंत्र सार्वजनिक कंपनियों का सफल लॉन्च पूरा होने पर,आज जीई के कई वर्षों से चल रहे कायाकल्प के ऐतिहासिक अंतिम चरण का समापन हुआ है। मुझे हमारी टीम, उनकी दृढ़ता और समर्पण पर बड़ा गर्व है, जिनके कारण यह निर्णायक पल आया है।'' कल्प ने आगे कहा, ''नवाचार के लिये जीई की विरासत से एक शताब्दी तक सीखते और उसे आगे बढ़ाते हुए, जीई एयरोस्पेस एक मजबूत बैलेंस शीट के साथ आगे बढ़ी है। हम फ्लाइट के भविष्य को जन्म देने, लोगों का उत्थान करने और उन्हें सुरक्षित तरीके से घर पहुँचाने पर ज्यादा केन्द्रित हैं। अपने प्रोप्राइटरी लीन ऑपरेटिंग मॉडल 'फ्लाइट डेक' को आधार बनाकर मुझे विश्वास है कि हम ग्राहकों, कर्मचारियों तथा शेयरधारकों की सेवा अपनी पूर्ण क्षमता से करेंगे।'' जीई एयरोस्पेस के पास दुनियाभर में लगभग 44,000 कमर्शियल इंजन और करीब 26000 मिलिटरी तथा डिफेंस इंजन का इंस्टाल्ड बेस है। इसके साथ जीई एयरोस्पेस को प्रपल्शन, सर्विसेस और सिस्टम्स के एक स्थापित वैश्विक अग्रणी के तौर पर लॉन्च किया गया है। कंपनी ने 2023 में एडजस्टेड रेवेन्यू में लगभग 32 बिलियन डॉलर बनाये थे। इसका 70 प्रतिशत धन इंजन आफ्टरमार्केट में सेवाओं तथा मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण संभव हुआ था।

ब्रिक्स सीसीआई वी 2024 रिपोर्ट में प्रौद्योगिकी एवं उद्यमशीलता में महिला सशक्तिकरण को रेखांकित किया गया

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ब्रिक्स सीसीआई वी ने न्यू एरा ऑफ ब्रिक्स-होरिजन्स इन टेक एंड बिजनेस फॉर वुमेन एंपावरमेंट शीर्षक से एक विशेष रिपोर्ट पेश की है। यह रिपोर्ट सभी ब्रिक्स देशों में महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी एवं उद्यमशीलता परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए प्रगति एवं मौजूदा चुनौतियों दोनों को ही रेखांकित करती है। वर्ष 2023 में ब्रिक्स के विस्तार के साथ जिसमें नए सदस्यों को शामिल करना और वैश्विक आबादी एवं अर्थव्यवस्था के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व शामिल है, यह रिपोर्ट प्रौद्योगिकी एवं कारोबार क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल के महत्व को रेखांकित करती है। यह रिपोर्ट शीएटवर्क और नॉलेज पार्टनर के तौर पर टेकआर्क के सहयोग से विकसित की गई है और इसका अनावरण पूर्व ब्रिक्स शेरपा और भारत सरकार के सचिव रहे एएमबी संजय भट्टाचार्य (सेवानिवृत्त) द्वारा किया गया। ब्रिक्स सीसीआई वी की अध्यक्ष एवं शीटवर्कडाट काम की संस्थापक रूबी सिन्हा ने कहा, जैसा कि सभी ब्रिक्स देशों में महिलाओं द्वारा टेक्नोलॉजी एवं उद्यमशीलता में की गई प्रगति का जश्न हम मना रहे हैं, यह रिपोर्ट प्रगति का एक प्रमाण होने के साथ ही कार्रवाई का आह्वान भी करती है। ब्रिक्स गठबंधन में नए सदस्यों के शामिल होने और वैश्विक आबादी एवं अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण हिस्से का प्रतिनिधित्व होने के साथ यह अनिवार्य हो जाता है कि हम टेक्नोलॉजी और कारोबार के क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल को प्राथमिकता दें। विश्वभर में महिलाओं के लिए उज्ज्वल, अधिक न्यायसंगत भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आइये हम नवप्रवर्तन एवं उद्यमशीलता की ताकत का दोहन करें।

एमेजॉन पर मीडियाटेक डेज़ में हर किसी के लिए अद्भुत उत्पाद

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रति वर्षदो अरब से अधिक कनेक्टेड एज डिवाईस को ताकत प्रदान कर रही विश्व की अग्रणी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने 16 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2024 तक एमेजॉन पर 'मीडियाटेक डेज़' अभियान की घोषणा की है। एमेजॉन पर 5 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के दौरान मीडियाटेक प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाने और उपभोक्ता को अगली पीढ़ी के प्रौद्योगिकी समाधान उपलब्ध कराने पर ध्यान देगी। इस अभियान का लक्ष्य कनेक्टेड डिवाइसेज़ के नए युग में मीडियाटेक की ताकत वाले अद्भुत प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और समाधानों को लेकर जागरूकता पैदा करना है जिससे उपभोक्ताओं को जानकारी के आधार पर खरीदारी का निर्णय करने में मदद मिल सके। एमेजॉन पर मीडियाटेक स्टोर, महान प्रौद्योगिकी तक सभी की पहुंच सुलभ बनाकर हर किसी का जीवन तेज और बेहतर करने के लिए संभावनाओं की दुनिया के द्वार खोलता है। मीडियाटेक विश्व के सबसे बड़े ब्रांडों के स्मार्ट डिवाइस को ताकत प्रदान करती है जिनमें स्मार्ट स्पीकर्स, स्मार्ट टीवी, क्रोमबुक्स, टैबलेट्स, वियरेबल्स, वाईफाई राउडर्स, फिटनेस उपकरण आदि शामिल हैं। मीडियाकेटक के उप निदेशक (मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस) अनुज सिद्धार्थ ने कहा, मीडियाटेक निरंतर एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम कर रही है जहां प्रौद्योगिकी लोकतांत्रिक ढंग से उपलब्ध हो।

वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का 18,000 करोड़ का फ़र्दर पब्लिक

ऑफरिंग 18 अप्रैल को खुलेगा

मुंबई, एजेंसी। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआई या द कंपनी), गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी फ़र्दर पब्लिक ऑफरिंग (एफपीओ) के संबंध में अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी। कुल ऑफर साइज़ में 1,80,000 मिलियन [18,000 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है। (फ्रेश इश्यू) (कुल इश्यू साइज़) ऑफर का प्राइस बैंड 10 से 11 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 1,298 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 1,298 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है (मूल्य बैंड)। एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 होगी। बोली/प्रस्ताव सदस्यता के लिए गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 को खुलेंगे और सोमवार, 22 अप्रैल, 2024 को बंद होंगे (बोली/प्रस्ताव अवधि)। कंपनी इक्विटी शेयरों के नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग इन कार्यों की फंडिंग के लिए करने का प्रस्ताव करती है - अपने नेटवर्क बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए 1,27,500 मिलियन [12,750 करोड़] से उपकरणों की खरीद, जिसमें (ए) नई 4जी साइटें स्थापित करना शामिल है।

ऑफर के प्रयोजनों के लिए, एनएसई को नामित स्टॉक एक्सचेंज रखा गया है।

यह पेशकश सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 155 के संदर्भ में फास्ट ट्रैक रूट के माध्यम से की जा रही है। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 129(1) के अनुसार और बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी और ऐसा भाग, क्यूआईबी भाग) को आनुपातिक आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक ऑफर आवंटित नहीं किया जाएगा। हमारी कंपनी बुक रनिंग लीड मैनेजरों के परामर्श से, सेबी आईसीडीआर विनियम (एंकर निवेशक भाग) के अनुसार विवेकाधीन आधार पर एंकर निवेशकों को क्यूआईबी हिस्से का 60 प्रतिशत तक आवंटित कर सकती है, जिसमें से कम से कम एक- तिहाई केवल घरेलू म्यूचुअल फंड के आवंटन के लिए आरक्षित होगा, बशर्ते कि सेबी

कोविड के बाद हेल्थकेयर में भारी निवेश के चलते प्लेसमेंट पैकेज में हुई वृद्धि : डॉ. पीआर सोडानी

आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने अपने पिछले प्लेसमेंट रिकॉर्ड के मुकाबले दोगुने से अधिक उच्चतम पैकेज के साथ इस वर्ष बनाया नया रिकॉर्ड



जयपुर एजेंसी। भारत के अग्रणी स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान विश्वविद्यालय, आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने 35.62 एलपीए के उच्चतम पैकेज के साथ इस सीजन में अब तक का अभूतपूर्व प्लेसमेंट दर्ज किया है। वर्ष 2022 में आईआईएचएमआर के 17.22 एलपीए के उच्चतम पैकेज को पीछे छोड़ते हुए यह अब तक का उच्चतम प्लेसमेंट पैकेज है। संस्थान में चल रहे प्लेसमेंट में 75 प्रतिशत छात्रों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संगठनों में उल्लेखनीय पैकेज पर विभिन्न भूमिकाओं पर रखा गया है। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष, डॉ. पीआर सोडानी ने प्लेसमेंट के बारे में बताया कि, इस साल कैंपस में भर्तीकर्ताओं से उत्कृष्ट प्लेसमेंट प्राप्त होने की हमें बेहद खुशी है। स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के वैश्विक प्रोत्साहन को देखते हुए हेल्थकेयर इंडस्ट्री के पैकेज में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मैं छात्रों को उल्लेखनीय प्लेसमेंट पाने पर हार्दिक बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं, वे अपनी सफलता की कहानियां इसी प्रकार लिखते रहेंगे।'' उल्लेखनीय है कि प्रिस्टिन केयर और इनडीड की एक कोलेबोरेटिव स्टडी के अनुसार, जनवरी 2021 और जनवरी 2023 के बीच हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के लिए की गई जॉब पोस्टिंग में 22.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो भारत में इन पेशेवरों की बढ़ती मांग की ओर संकेत करता है। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट अधिकारियों के अनुसार, एचजे हॉस्पिटल, आईपीई ग्लोबल, नुवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड, टाटा एआईजी, ल्यूपिन, डेलॉइट, पीडब्ल्यूसी, ईएंडवाई, इंफोसिस, फोर्टिस, आदि अस्पताल की एक लंबी सूची में से कुछ नाम है, इनके साथ रिक्रूटर्स की कुल संख्या 60 से अधिक हो गई है। सेक्टर-वार प्लेसमेंट डेटा से पता चला है कि 30 प्रतिशत के साथ हॉस्पिटल सेक्टर रिक्रूटर्स में प्रथम स्थान पर है, इसके बाद कंसल्टेंसी, फार्मास्युटिकल और हेल्थ आईटी सेक्टर की क्रमशः 15 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 11 प्रतिशत और 11 प्रतिशत भागीदारी है।

गुजरात और दिल्ली में मुकाबला आज

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स में आईपीएल का 32वां मैच बुधवार शाम साढ़े 7 बजे से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। गुजरात ने अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को तीन विकेट से हराया था। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हराया था। ऐसे में दोनों टीमों के हौंसले बुलंद होंगे। लेकिन पॉइंट्स टेबल पर नजर दौड़ाई जाए तो पता चलता है कि गुजरात टाइटंस 6 मैचों में 3 जीत और 3 हार के साथ छठवें नंबर पर है, उसके 6 अंक है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स 6 मैचों में 2 जीत और 4 हार के साथ नौवें नंबर पर है। उसके पास महज 4 अंक ही है। ऐसे में गुजरात टाइटंस एक मजबूत टीम है और टीम के खिलाड़ी अच्छे फॉर्म में है।

संभावित टीमें

गुजरात टाइटंस का स्क्वॉड : शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, ऋधिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी. साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार।

दिल्ली कैपिटल्स का स्क्वॉड : ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी शॉ, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर मैकर्गक, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाई होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

जीटी और डीसी का अंक तालिका में हाल

इस वक्त दोनों टीमों के प्वाइंट्स टेबल में हाल की बात की जाए तो दोनों करीब-करीब एक ही किश्ती में सवार हैं। गुजरात टाइटंस ने अब तक जो 6 मुकाबले खेले हैं, उसमें तीन में जीत और तीन में ही हार मिली है। टीम छह अंक लेकर छठे स्थान पर है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने 6 मुकाबले खेले हैं और उसमें से दो ही मैच जीतने में कामयाब हुई है। वहीं चार में उसे हार मिली है। टीम के पास केवल 4 अंक हैं और इस वक्त दिल्ली की टीम नौवें स्थान पर है। यानी दोनों को जीत की जरूरत है। जो टीम जीतेगी, उसे दो अंक मिलेंगे और फिर अंक तालिका में कुछ आगे जाने का मौका मिलेगा।

कौन पड़ेगा किस पर भारी

- गुजरात की टीम में स्टार प्लेयर्स में कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन, मैथ्यू वेड मिडिल ऑर्डर और लोअर मीडिल ऑर्डर में विजय शंकर और राहुल तेवतिया अच्छे शॉट्स लगाकर टीम के स्कोर में इजाफा करने में माहिर है। पिछले मैच में राशिद खान ने शानदार 11 बॉल पर 24 रन ठोककर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। टीम के पास निचले क्रम में भी बल्लेबाजी की क्षमता है। गेंदबाजी की बात करें तो उमेश यादव के पास इंडिया के लिए काफी इंटरनेशनल मैच खेलने का अच्छा खासा अनुभव है। उनके अलावा स्पेनशर जॉनसन और मोहित शर्मा भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। स्पिन डिपार्टमेंट में राशिद खान और नूर अहमद किसी भी बैटिंग लाइन अप को ध्वस्त करने का माद्दा रखते हैं। बात दिल्ली कैपिटल्स की करें तो टीम अच्छी बैटिंग से जूझ रही है। उसके ओपनर पृथ्वी शॉ और डेविड वार्नर का बल्ला रन नहीं उगल रहा है। यह जोड़ी टीम को अच्छा स्टार्ट देने में नाकाम साबित हो रही है। हांलाकि पिछले मैच में नए बैट्समैन जेक फ्रेशर ने अर्धशतक लगाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका, जिसे टीम का प्लस पॉइंट माना जा रहा है। कप्तान ऋषभ पंत की शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में यदि टीम का ऊपरी बल्लेबाजी क्रम और मीडिल ऑर्डर चलता है तो टीम अच्छा स्कोर बना सकती है। इधर, गेंदबाजी की बात की जाए तो खलील अहमद की पिछले मैच में पिटाई हुई थी लेकिन ओवरऑल उनका गेंदबाजी प्रदर्शन संतोषजनक कहा जा सकता है। दूसरा ईशांत शर्मा और मुकेश कुमार भी ठीक बॉलिंग कर रहे हैं। स्पिन डिपार्टमेंट में कुलदीप और अक्षर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। पिछले मैच में कुलदीप ने शानदार बॉलिंग करते हुए 3 विकेट झटके थे। अक्षर पटेल भी उनका अच्छा साथ दे रहे हैं।

डिविलियर्स का लगातार हार से छलका दर्द

कहा-मत पहनो आरसीबी की जर्सी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का आगाज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने हार के साथ किया था, लेकिन दूसरा मैच जीता। आरसीबी ने 25 मार्च पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की थी। उस मैच में विराट कोहली ने 77 रनों की पारी खेली थी और मैन ऑफ द मैच चुने गए थे। उस मैच के लिए आरसीबी के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने न्यूजीलैंड और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के पूर्व क्रिकेटर स्कॉट स्टायरिस से एक शर्त लगाई थी। एबीडी ने कहा था कि अगर आरसीबी ने पंजाब किंग्स को हराया तो इसके बाद वह आरसीबी के हर मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जर्सी पहनकर ही आएंगे। पंजाब किंग्स के खिलाफ आरसीबी ने जीत दर्ज की, लेकिन इसके बाद से आरसीबी की टीम लगातार हारते ही जा रही है। जियो सिनेमा पर स्कॉट स्टायरिस ने कहा कि अगर एबीडी कहते हैं, तो वह आरसीबी की जर्सी अगले मैच से पहनना छोड़ देंगे। इस पर एबीडी ने कमेंट बॉक्स में सीधा लिख दिया कि जर्सी पहनना बंद कर दो। एबीडी ने कमेंट में लिखा, 'कृपा करके वो शर्ट पहनना तुरंत बंद कर दो।' इसको लेकर जियो सिनेमा पर एक पोल भी हुआ, जिसमें 69 फीसदी लोगों की राय भी यही है कि स्टायरिस को आरसीबी की जर्सी नहीं पहननी चाहिए। स्टारिस ने शो में कहा कि मैं आरसीबी फैन्स के लिए लकी साबित नहीं हुआ हूं और एबीडी कहेंगे तो मैं यह जर्सी पहनना बंद कर दूंगा। आईपीएल पॉइंट्स टेबल के मुताबिक आरसीबी सबसे निचले पायदान पर है। आरसीबी ने सात में से महज एक मैच जीता है, जबकि छह मैच गंवाए हैं। आरसीबी ने लगातार पांच मैच गंवाए हैं। आरसीबी इकलौती ऐसी टीम है, जिसने महज एक ही मैच जीता है।

जब भी मुंबई की टीम हारी, उसमें हार्दिक की अहम भूमिका रही : इरफान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने हार्दिक की कप्तानी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वे मैच की परिस्थितियों के अनुरूप नहीं ढलते हैं और मुकाबले के दौरान उचित योजना भी नहीं बना पाने के चलते इस IPL में मुंबई इंडियंस को अभी तक काफी खामियाजा भुगतना पड़ा है। हालांकि मुंबई इंडियंस इससे पहले पांच बार IPL चैम्पियन रह चुकी है। लेकिन इस बार टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और कारण इस सत्र में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे हार्दिक को खेल प्रेमियों और पूर्व खिलाड़ियों से काफी आलोचना झेलनी पड़ रही है। पठान ने कहा, 'हार्दिक को मुंबई इंडियंस की कप्तानी अच्छी तरह करने की जरूरत है। जब भी

मुंबई इंडियंस की टीम हारी, उसमें पांड्या की अहम भूमिका रही।' उन्होंने कहा, 'कल आकाश ने अंतिम ओवर नहीं डाला, आपको उसे जिम्मेदारी देनी चाहिए थी। जब श्रेयस गोपाल को रचिन रविंद्र का विकेट मिला था तो आपने उसे एक और ओवर क्यों नहीं दिया?'

मायकोलास ने 38 साल पुराना डिस्कस थ्रो का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली। लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने डिस्कस थ्रो का 38 साल पुराना विश्व कीर्तिमान भंग कर दिया। उन्होंने 1986 में जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट की ओर से स्थापित 74.08 मीटर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। अलेक्ना ने ओकलाहामा थ्रोज सीरीज कंपटीशन में 243 फुट 11 इंच (74.35 मीटर) दूर चक्का फेंका। वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक अलेक्ना का थ्रो 244 फुट 1 (74.41 मी) इंच नापा गया था, लेकिन बाद में इसे 74.35 मीटर कर दिया गया। हालांकि रिकॉर्ड को अभी वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता मिलना बाकी है। एलेक्ना कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में जूनियर हैं। वह विश्व चैंपियनशिप में दो बार पदक जीत चुके हैं।



आईपीएल में खेल सकेगा दमदार खिलाड़ी

नई दिल्ली। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीबी ने चेन्नई सुपर किंग्स यानी सीएसके के लिए मुस्तफिजुर रहमान के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) को कुछ समय के लिए बढ़ा दिया है। वे पहले 30 अप्रेल को बांग्लादेश लौटने वाले थे, लेकिन अब 2 मई को स्वदेश लौटेंगे। इस तरह वह सीएसके के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ एक मई को चेन्नई में होने वाले मैच के लिए भी उपलब्ध रहेंगे। मुस्तफिजुर रहमान अब तक चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2024 में पांच मैच खेल चुके हैं, जबकि टीम ने 6 मुकाबले खेले हैं। वे कुछ दिन के लिए बांग्लादेश गए थे, क्योंकि उनको यूएसए का वीजा प्रोसेस करना था। हालांकि अब वे अगले 4 मैचों के लिए उपलब्ध होंगे। चेन्नई को लगातार दो मैच 19 और 23 अप्रेल को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ खेलने हैं, 28 अप्रेल को हैदराबाद और 1 मई को पंजाब के खिलाफ खेलना है। दो मई को मुस्सतफिजुर रहमान



बांग्लादेश लौटेंगे, क्योंकि जिम्बाब्वे के खिलाफ एक टी20 सीरीज 2 मई से शुरू हो रही है। इसके बाद टीम को अमेरिका के खिलाफ टेक्सास में 21 मई से टी20 सीरीज खेलनी है। इस वजह से आईपीएल 2024 के बाकी बचे मैच वे सीएसके के लिए नहीं खेल पाएंगे। एक मई को होने वाला मैच उनके लिए इस सीजन का आखिरी मुकाबला होगा।

ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के लिए बेहतर पासिंग और तालमेल की जरूरत : रूपिंदर

भारतीय पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से आस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की सीरीज में आस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। टीम से जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी।

रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से आस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की सीरीज में आस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

रुपिंदर सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम पहला मैच 5-1 से हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाये जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी जिसमें नये वैरिएशन और खिलाड़ियों को आजमाया गया था।''

आस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के तरीके के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि नये तरह की पासिंग से निपटा जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया, ''आस्ट्रेलिया से निपटने के लिए उच्च स्तर के तालमेल की जरूरत है जिसमें डिफेंडर से डिफेंडर तक गेंद ट्रांसफर, मिडफील्ड में डिफेंडरों के तेज पास, ऊपर के पास इस तरह की शैली से निपटने के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी

शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन– 0120– 2321857

मो0– 9811082962

17 अप्रैल को राम नवमी, जानिए पूजा का शुभ मुहूर्त, विधि और महत्व

इस वर्ष राम नवमी पर प्रभु श्रीराम की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त का समय 17 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक रहेगा।

हिंदू धर्म में राम नवमी के त्योहार का विशेष महत्व होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम उत्साह के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म हुआ है। राम नवमी का पर्व चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। राम नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रि का समापन हो जाता है। राम नवमी पर भगवान राम की विशेष पूजा पूजा और आराधना की जाती है। इस दिन भगवान राम संग माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा की जाती है। आइए जानते हैं राम नवमी की पूजा विधि, शुभ मुहूर्त और कथा।

वैदिक पंचांग की गणना के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि की शुरुआत 16 अप्रैल को दोपहर 01 बजकर 23 मिनट से शुरू हो जाएगी। नवमी तिथि का समापन 17 अप्रैल को दोपहर 03 बजकर 15 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर राम नवमी का त्योहार 17 अप्रैल 2024 को मनाया जा जाएगा।

राम नवमी शुभ मुहूर्त

इस वर्ष राम नवमी पर प्रभु श्रीराम की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त का समय 17 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इस तरह से राम नवमी पर पूजा के लिए कुल 2 घंटे और 35 मिनट का समय मिलेगा।

राम नवमी मध्याह्न का समय- 12. 20

विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से लेकर 03 बजकर 24 मिनट तक।

गोधूलि मुहूर्त- शाम 06 बजकर 47 मिनट से 07 बजकर 09 मिनट तक।

राम नवमी पूजा विधि

राम नवमी का त्योहार हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार होता है, जिसे देश-दुनिया में बहुत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। राम नवमी के दिन सबसे पहले सुबह जल्दी उठकर स्नान करके पवित्र होकर और साफ-सुथरे कपड़े धारण करें। फिर इसके बाद पूजा स्थल की सफाई करें। हाथ में अक्षत लेकर व्रत करने का संपल्प लें फिर भगवान राम की पूजा-अर्चना पूजन सामग्री के साथ आरंभ करें। सबसे पहले भगवान राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण और भगवान हनुमान की प्रतिमा को स्थापित करें और सबको रोली, चंदन, धूप, फूल, माला, इत्र आदि से षोडशोपचार पूजन करें। फिर इसके बाद भगवान राम की पूजा में कई तरह फल, मिष्ठान, फूल और गंगाजल का इस्तेमाल करें। भगवान राम की पूजा में तुलसी के पत्तों और कमल के फूल का प्रयोग अवश्य करें। इसके बाद अपनी इच्छा के अनुसार रामचरितमानस, रामायण और रामरक्षास्तोत्र का पाठ करें। अंत में भगवान राम, माता सीता और हनुमान जी की आरती करते हुए पूजा संपन्न करें। पूजा के बाद सभी प्रसाद वितरित करें।

राम नवमी का महत्व

राम नवमी का त्योहार हर साल बड़े ही उत्साह और भक्तिभाव के साथ पूरे देश में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान राम विष्णु के सातवें अवतार के रूप में जन्म लिया था। वैदिक पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान राम का जन्म अयोध्या के राजा दशरथ के यहां बड़े पुत्र के रूप में लिया था। धार्मिक मान्यता के अनुसार राम का जन्म रावण के वध के लिए हुआ था। इस कारण से हर साल राम नवमी का पर्व भगवान राम के जन्म दिवस के रूप में बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।

वैदिक पंचांग के अनुसार राम नवमी का त्योहार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पड़ता है और यह चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन भी होता है। पूरे देश में इस दिन शक्ति की आराधना के साथ राम नवमी का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा जाता है। देशभर इस दिन जगह-जगह धार्मिक जुलूस भी निकाले जाते हैं। राम नवमी के दिन मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। इस पूरे दिन उपवास रखकर मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से सीख लिया जाता है। सूर्यास्त के बाद व्रत का पारण करते हुए समापन किया जाता है।

राम से भी बड़ा राम का नाम

'राम' सिर्फ एक नाम नहीं हैं और न ही सिर्फ एक मानव। राम परम शक्ति हैं। प्रभु श्रीराम के द्रोहियों को शायद ही यह मालूम है कि वे अपने आसपास नर्क का निर्माण कर रहे हैं। इसीलिए यह चिंता छोड़ दो कि कौन प्रभु श्रीराम का अपमान करता है और कौन सुनता है। कौन जपता है और कौन नहीं जपता है।

कहते हैं कि प्रभु श्रीरा राम का नाम राम से भी बड़ा है। राम राम जपने से कई लोगों को मोक्ष प्राप्त हो गया। राम एक महामंत्र है, जिसे हनुमान ही नहीं भगवान शिव भी जपते हैं। राम से पहले भी राम का नाम था। प्राचीन काल में राम ईश्वर के लिए संबोधित होता था।

राम या मार

राम का उल्टा होता है म, अ, र अर्थात मार। मार बौद्ध धर्म का शब्द है। मार का अर्थ है- इंद्रियों के सुख में ही रत रहने वाला और दूसरा आंधी या तूफान। राम को छोड़कर जो व्यक्ति अन्य विषयों में मन को रमाता है, मार उसे वैसे ही गिरा देती है, जैसे सूखे वृक्षों को आंधियां।

राम नाम कहने का अर्थ

- एक बार राम कहा तो संबोधन हुआ। राजस्थान में कहते हैं राम सा। आपके सारे दुःख हरने वाला सिर्फ एकमात्र नाम है- 'हे राम।'
- दो बार राम कहा तो अभिवादन हुआ। उत्तर भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में कहते हैं राम रामं।
- तीन बार राम कहा तो संवेदना हुई। जैसे 'ये क्या हुआ राम राम राम।'
- चार बार राम कहा तो भजन हुआ।

तारणहार राम का नाम

राम का नाम जपने वाले कई संत और कवि हुए हैं। जैसे कबीरदास, तुलसीदास, रामानंद, नाभादास, स्वामी अग्रदास, प्राणचंद चौहान, केशवदास, रैदास या रविदास, दादूदयाल, सुंदरदास, मलूकदास, समर्थ रामदास आदि। श्रीराम-श्रीराम जपते हुए असंख्य साधु-संत मुक्ति को प्राप्त हो गए हैं।

जीवन रक्षक नाम

प्रभु श्रीराम नाम के उच्चारण से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जो लोग ध्वनि विज्ञान से परिचित हैं वे जानते हैं कि 'राम' शब्द की महिमा अपरम्पार है। जब हम 'राम' कहते हैं तो हवा या रेत पर एक विशेष आकृति का निर्माण होता है। उसी तरह चित्त में भी विशेष लय आने लगती है। जब व्यक्ति लगातार 'राम' जप करता रहता है तो रोम-रोम में प्रभु श्रीराम बस जाते हैं। उसके आसपास सुरक्षा का एक मंडल बनना तय समझो। प्रभु श्रीराम के नाम का असर जबरदस्त होता है।

चौपाई

हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता?
रामचंद्र के चरित सुहाए। कलप कोटि लगि जाहिं न गाए?

भावार्थ

हरि अनंत हैं (उनका कोई पार नहीं पा सकता) और उनकी कथा भी अनंत है। सब संत लोग उसे बहुत प्रकार से कहते-सुनते हैं। रामचंद्र के सुंदर चरित्र करोड़ों कल्पों में भी गाए नहीं जा सकते।

भगवान राम के बारे में 10 बातें

संसार के पालनहार भगवान श्री विष्णु जी ने धर्म की स्थापना और अधर्म के समूल नाश के लिए त्रेतायुग में धरती पर मनुष्य रूप में अवतार लिया था। भगवान विष्णु के अनेक अवतारों में से एक अवतार त्रेता युग में सरयू नदी के तट पर बसी अयोध्या नगरी में सूर्यवंश कुल के राजा दशरथ की महारानी कौशल्या के गर्भ से चैत्र मास की नवमी तिथि अभिजीत मुहूर्त में राम जी ने जन्म लिया था। तब से लेकर आज तक युगों-युगों से चैत्र मास की नवमी तिथि को रामनवमी पर्व मनाया जाता है।

- भगवान श्री राम को मर्यादा का प्रतीक माना जाता है।
- उन्हें पुरुषोत्तम यानि श्रेष्ठ पुरुष की संज्ञा दी जाती है।
- राम जी स्त्री पुरुष में भेद नहीं करते। अनेक उदाहरण है जहां वे अपनी पत्नी सीता के प्रति समर्पित व उनका सम्मान करते नजर आते हैं।
- भगवान राम समाज में व्याप्त ऊंच नीच के भेदभाव को भी नहीं मानते। शबरी के झूठे बेर खाने का उदाहरण इसे समझने के लिये सर्वोत्तम है।
- राम जी वेद शास्त्रों के ज्ञाता और समस्त लोकों पर अपने पराक्रम का परचम लहराने वाले हैं।
- भगवान श्री राम विभिन्न कलाओं में निपुण लंकापति रावण के अंहकार के किले को ध्वस्त करने वाले परम पराक्रमी है।
- रामनवमी के दिन धूमधाम के साथ राम जन्मोत्सव मनाते हुए श्रीरामचरित मानस ग्रंथ का पाठ करना चाहिए।
- श्रीराम लला को मावा एवं पंजरी का भोग अति प्रिय है।
- श्रीरामनवमी के दिन उपवास रखने से जीवन में सुख समृद्धि आती है और ज्ञात-अज्ञात सभी तरह के पापों का नाश हो जाता है।

रामनवमी पर बने हैं शुभ योग

चैत्र माह की नवमी तिथि को बेहद खास माना जाता है। इस दिन राम नवमी का पर्व मनाया जाता है। इसके साथ ही सिद्धदात्री माता की पूजा के साथ ही नवरात्रि का समापन भी इसी दिन होता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, भगवान राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। यही वजह है कि, चैत्र माह की नवमी तिथि को राम नवमी के नाम से भी जाना जाता है। हर साल इस दिन पूरे भारत वर्ष में राम जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से माना जाता है।

भगवान राम की पूजा से मिलते हैं ये लाभ

राम नवमी के दिन विधि-विधान से भगवान राम की पूजा करने से भक्तों के संकट कट जाते हैं। भगवान राम की पूजा से आपकी रचनात्मक क्षमता का विकास होता है और बौद्धिक रूप से भी आप मजबूत होते हैं। घर परिवार में सुख-समृद्धि रखने वालों को भी राम जी की पूजा अवश्य करनी चाहिए। राम नवमी पर श्रीराम की पूजा करके आपके घर में सकारात्मकता आती है, इसके साथ ही राम जी की पूजा करने से माता पार्वती, हनुमान जी और भोलेनाथ का आशीर्वाद भी आपको प्राप्त होता है।

जीवन को खुशियों से भर देंगे राम नवमी के अचूक उपाय

इस वर्ष रामनवमी पर्व 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। इस दिन निम्न उपाय आजमाने से जीवन में खुशियां आती है।

- इस दिन 1 कटोरी में पानी लेकर रामरक्षा मंत्र ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं रामचन्द्राय श्रीं नमः का 108 बार जाप करें। फिर घर के सभी कोने में उस जल का छिड़काव कर दें। इससे वास्तुदोष दूर होने के साथ ही घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाएगी।
- दांपत्य जीवन में दूरियां कम करके प्रेम बढ़ाने के लिए महिला इस दिन खीर बनाकर उसे रात्रि में चन्द्रमा की रोशनी में एक घंटे तक रखने के बाद वह खीर दोनों मिलकर खा लें।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के मंदिर में या उनके चित्र के सामने 3 बार अलग अलग समय पर श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन..., का पाठ करें। ऐसा करने से व्यक्ति के दुख और कष्ट दूर होते हैं।
- रामनवमी पर प्रभु श्री राम के भक्त हनुमान जी की गुणगान करें और हनुमान चालीसा का संपूर्ण पाठ करें। इससे जातक पर श्रीराम और हनुमान जी की कृपा बनी रहती है।
- राम नवमी के दिन राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें। इससे सभी तरह के सकंट दूर होकर आपकी रक्षा होगी।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के पूजन के समय राम नाम का जप जरूर करें। इससे जीवन में सुख एवं खुशहाली आएगी।
- राम नवमी के दिन रामायण या रामचरितमानस का पाठ करना या कराना अत्यंत ही शुभ माना गया है। इससे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सारे दुःख दूर हो जाते हैं।
- रामनवमी के दिन सुंदरकांड का पाठ करने या कराने से जीवन में मंगल ही मंगल होता है। या सिर्फ फमंगल भवन अमंगल हारी द्रवहुसु दसरथ अजिर बिहारी चौपाई का सम्पुट लगाकर पाठ करें। (चौपाई का अरद्धांश रामचरित मानस के पाठ के हर दोहे के पहले और बाद में पाठ किया जाता है तो उस अर्द्ध अंश को सम्पुट कहते हैं)

राम जन्म की रोचक घटनाएं

भगवान प्रभु श्रीराम का जन्म वाल्मीकि कृत रामायण के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को हुआ था। आओ जानते हैं जन्म की रोचक घटनाएं।

- **राजा दशरथ ने किया था पुत्रेष्टि यज्ञ :** रामचरितमानस के बालकांड के अनुसार राजा दशरथ ने पुत्र की कामना से पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। वशिष्ठजी ने श्रृंगी ऋषि को बुलवाया और उनसे शुभ पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। इस यज्ञ के बाद कौसल्या आदि प्रिय रानियों को पुत्र प्राप्त हुए।
- **शुभ योग में हुआ जन्म :** योग, लग्न, ग्रह, वार और तिथि सभी अनुकूल हो गए तब श्रीराम का जन्म हुआ। पवित्र चैत्र का महीना था, नवमी तिथि थी। शुक्ल पक्ष और भगवान का प्रिय अभिजित मुहूर्त था। दोपहर का समय था। न बहुत सर्दी थी, न धूप (गरमी) थी।
- **चारों और मौसम खुशनुमा हो गया :** वह पवित्र समय सब लोकों को शांति देने वाला था। जन्म होते ही जड़ और चेतन सब हर्ष से भर गए। शीतल, मंद और सुगंधित पवन बह रहा था। देवता हर्षित थे और संतों के मन में (बड़ा) चाव था। वन फूले हुए थे, पर्वतों के समूह मणियों से जगमगा रहे थे और सारी नदियां अमृत की धारा बहा रही थीं।
- **देवता उपस्थित हुए :** जन्म लेते ही ब्रह्माजी समेत सारे देवता विमान सजा-सजाकर पहुंचे। निर्मल आकाश देवताओं के समूहों से भर गया। गंधर्वों के दल गुणों का गान करने लगे। सभी देवाता राम लला को देखने पहुंचे।
- **नगर में हुआ हर्ष व्याप्त :** राजा दशरथ ने नांदीमुख श्राद्ध करके सब जातकर्म-संस्कार आदि किए और द्वीजों को सोना, गो, वस्त्र और मणियों का दान दिया। संपूर्ण नगर में हर्ष व्याप्त हो गया। ध्वजा, पताका और तोरणों से नगर छा गया। जिस प्रकार से वह सजाया गया। चारों और खुशियां ही खुशियां थीं। घर-घर मंगलमय बधावा बजने लगा। नगर के स्त्री-पुरुषों के झुंड के झुंड जहां-तहां आनंदमग्न हो रहे हैं।

अक्षय कुमार कन्नप्पा की शूटिंग में शामिल

बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। वे 'कन्नप्पा' नामक तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस नए और रोमांचक वेंचर में वे बहुमुखी तेलुगु स्टार विष्णु मांचू के साथ काम करेंगे। इतना ही नहीं, फिल्म में प्रभास और मोहनलाल जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। तेलुगु फिल्म क्षेत्र में कदम रखते हुए अक्षय का लक्ष्य इस इंडस्ट्री में अपने आकर्षण और प्रतिभा को बिल्कुल नए दर्शकों तक पहुंचाना है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार एक्शन से भरपूर इस आगामी महाकाव्य में अक्षय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए मनोरम और यादगार होने का वादा करता है, जो निसंदेह उन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। अभिनेता एक गहन शूटिंग शेड्यूल के लिए हैदराबाद जा रहे हैं, जिसमें फिल्म के क्लाइमेक्स के एक महत्वपूर्ण हिस्से के साथ ही महत्वपूर्ण सीन्स को कैप्चर करने पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा। निर्माता और प्रमुख अभिनेता विष्णु मांचू कहते हैं, "अक्षय सर के साथ शूटिंग करना वास्तव में किसी रोमांचकारी सफर पर जाने जैसा है। हम फिल्म का क्लाइमेक्स एक साथ शुरू करेंगे। उनके जैसे प्रतिभाशाली अभिनेता का इस प्रोजेक्ट में शामिल होना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है। फिल्म में उनकी उपस्थिति कन्नप्पा को वास्तव में एक अखिल भारतीय फिल्म बनाने का काम करती है।" जैसे-जैसे शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस और दर्शकों के बीच इस बहुप्रतीक्षित तेलुगु फिल्म के रिलीज़ होने का इंतजार भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह द्वारा किया जा रहा है, जिसमें प्रभावशाली कलाकार और क्रू एक शानदार टीम के रूप में काम कर रहे हैं। फिल्म में कलाकारों के रूप में मोहनलाल और प्रभास जैसे सितारों के साथ ही साथ प्रसिद्ध हॉलीवुड सिनेमैटोग्राफर शेल्डन चाऊ, एक्शन डायरेक्टर केचा खम्फकडी और डांस उस्ताद प्रभु देवा भी शामिल हैं।

सुहाना की एक्शन-थ्रिलर फिल्म पर शाहरुख लगाएंगे 200 करोड़!

सुहाना खान ने नेटफ्लिक्स की फिल्म 'द आर्चीज' से एक्टिंग में डेब्यू किया। फिल्म 2023 के आखिर में रिलीज हुई थी। उनके अलावा इसमें अगस्त्य नंदा, खुशी कपूर और अन्य थे। फैन्स को उम्मीद थी कि शाहरुख खान की बेटी सुहाना का डेब्यू बड़े स्तर पर होगा लेकिन 'द आर्चीज' के साथ वैसा नहीं था। अब लग रहा है कि एक्टर ने इसकी पूरी तैयार कर ली है और बिग बजट फिल्म से सुहाना को बड़े पर्दे पर लॉन्च किया जाएगा। शाहरुख की अगली फिल्म सुजॉय घोष के साथ 'किंग' है। यह फिल्म 2025 में आएगी। यह सुहाना की बड़े पर्दे पर पहली फिल्म भी होगी। फिलहाल प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। मेकर्स कोशिश कर रहे हैं कि शाहरुख की वापसी पहले की तरह जश्न से भरपूर हो।



गंगा घाट पर रैंप वॉक कर रणवीर और कृति ने बिखेरी बिजलियां

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह और कृति सेनन रविवार, 14 अप्रेल को वाराणसी पहुंचे थे। जहां से उनकी कई तस्वीरें बीते दिन काफी वायरल हुईं थीं। यहां पहुंचकर दोनों स्टार्स ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए थे। इसके अलावा काशी में इंडियन माइनॉरिटी फाउंडेशन की ओर से दो दिवसीय 'धरोहार काशी की' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसके लिए रणवीर सिंह, कृति और सेलेब्रिटी फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा यहां पहुंचे हुए हैं। वहीं बीते दिन बनारसी कल्चर के थीम पर फैशन शो का आयजन हुआ, जिसमें सितारों की झलक देखने को मिली। 14 अप्रेल की शाम वाराणसी के नमो घाट पर एक स्पेशल फैशन इवेंट आयोजित किया गया था। गंगा घाट पर 'धरोहार काशी की' प्रोग्राम में बनारसी थीम को रिप्रजेंट करने के लिए रणवीर और कृति रैंप पर उतरे और दोनों ने अपने फैशन का जलवा बिखेरा। फैशन शो की कुछ तस्वीरें और वीडियोज़ ऑनलाइन सामने आए हैं, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। इन वीडियोज में रणवीर और कृति का बनारसी अटायर में लुक देखने को मिल रहा है। इस कार्यक्रम में मॉडल्स डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के आउटफिट पहने रैंप वॉक पर दिखे। वहीं कृति सेनन ने खूब लाइमलाइट लूटी। एक्ट्रेस डार्क मरून रंग के घागरा-चोली आउटफिट पहने नजर आईं। माथे पर मांग टीका, लाल बिंदी, ईयरिंग्स और बालों में गजरा लगाए एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रहीं हैं। कृति का यह एक तरह का ब्राइडल गेटअप है, लेकिन इसे सिंपल तरीके से तैयार किया गया है, ताकि इसमें काशी की झलक देखने को मिल सके। इन आउटफिट्स को तैयार करने में 6 महीने का समय लगा है। वहीं रणवीर सिंह भी फैशन शो में चार चांद लगाते दिखे। एक्टर सिल्क से बनी शेरवानी पहने नजर आए। इस आउटफिट में बनारसी ब्रोकेड से कारीगरी की गई थी।

मनीषा की यूट्यूबर्स को खास सलाह

मनीषा रानी अब सिलेब बन चुकी हैं। वह दूसरे यूट्यूबर्स की तरह दिखावा करने में यकीन नहीं रखतीं। उनका कहना है कि वह अब ब्रैंड्स भी पहनती हैं और सेकंड कॉपी पहनने में दिक्कत नहीं। वह किसी से छिपाती भी नहीं हैं। वह मर्सिडीज खरीद चुकी हैं, बिहार में जमीन खरीदी है और मुंबई में घर खरीदने का प्लान बना रही है। उन्होंने बताया कि जब वह मॉल में ब्रैंडेड चश्मा लेने पहुंची तो क्या हुआ।

बोलीं- हमने जब पहली बार 34 हजार का चश्मा लिया

मनीषा रानी सिद्धार्थ कनन के शो पर पहुंची थीं। वहां उन्होंने इन्फ्लुएंसर्स को दिखावा न करने की सलाह दी। कहा कि जितना है, उतने में खुश रहना सीखें। उन्होंने बताया कि अब वह महंगे सामान खरीद लेती हैं। मनीषा बोलीं, रीसेंट का बताती हूं, एक मॉल गई थी वहां दोस्त के साथ गॉगल की शॉप पर पहुंची। उसको ब्रैंड वगैरह पता रहते हैं, वही ले रहा था। मैंने एक चश्मा उठाया प्राडा का। पहना तो अलग ही सुंदर लग रही थी। मैंने पूछा कितने का तो बोला 34 हजार का। मुझे लगा यार इतना महंगा चश्मा अपने पैसे से तो नहीं खरीदा है आज तक। फैन्स ने गिफ्ट किया है एक 27 हजार और एक 22 हजार का। दोस्त ने पूछा लोगी क्या? तो मैंने कहा अच्छा तो लग रहा है पर क्या इतना पैसा वेस्ट करना। मनीषा बोलीं, मैं वहां से निकली और दोस्त कहा कि यार मैं एयरपोर्ट वगैरह पर जाती हूं। वो बोला, यार तुम इतना कमा रही हो अब भी इतना सोचती हो? मनीषा बोलीं, भक्क अब ऐसी बात बोली है तो ले ही लेते हैं। फिर अंदर जाकर खरीद लिया, लगा कि कभी-कभी अपने लिए भी खरीद लो। ब्रैंड का कहीं न कहीं दिखता है। जब मैं एयरपोर्ट पर गई तो अलग ही सुंदर दिख रही थी।

बिग बॉस ओटीटी 3 में होस्ट बनकर लौटने को तैयार सलमान

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों खूब खबरों में बने हुए हैं। हाल ही में उनके जहां पूरी इंडस्ट्री को हिलाकर रख दिया। मगर सलमान ऐसी घटनाओं से वाले नहीं हैं। सलमान के फैन्स के लिए एक बड़ी खबर आ रही है। बिग घर एक बार फिर नए मेहमानों की मेहमाननवाजी करने के लिए तैयार एक बार फिर से इस करामाती घर का खेल संभालने के लिए तैयार हैं। शो बिग बॉस के मेकर्स एंडेमोल शाइन इंडिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट करते हुए बिग बॉस ओटीटी 3 अनाउंस कर दिया है। मेकर्स ने एक फोटो शेयर किया, जिसमें बिग बॉस के सिंबल, कैपिटल 'B' में सलमान का फेस है। इसी फोटो में जनता के लिए एक सवाल भी है-'आप किसे बिग बॉस ओटीटी में देखना चाहते हैं?' पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'एंटरटेनमेंट और ड्रामा के लिए तैयार? नीचे कमेंट कर बताएं कि आप बिग बॉस ओटीटी के नए सीजन में किसे धमाल मचाते देखना चाहते हैं।' पोस्ट पर कमेंट करते हुए जहां कुछ लोगों ने वीडियो क्रिएटर प्रगति वर्मा को लाने की बात कही। वहीं कइयों ने स्टैंड अप कॉमेडियन ComiRaw को सलमान के शो पर लाने की रिक्वेस्ट की। कई बिग बॉस फैन्स, रोडीज फेम सिवेट तोमर को भी शो पर देखने की रिक्वेस्ट करते नजर आए। बिग बॉस ओटीटी 3 की अनाउंसमेंट की टाइमिंग एक ध्यान देने वाली बात है। मुंबई के बांद्रा इलाके में सलमान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के बाहर 14 अप्रेल को अज्ञात लोगों ने फायरिंग की थी। इस फायरिंग ने पूरी इंडस्ट्री को हिलाकर रख दिया था। हालांकि, मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस घटना के दो आरोपियों को भुज (गुजरात) से गिरफ्तार भी कर लिया। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ये घटना चिंताजनक तो है ही। ऐसे में सलमान के पॉपुलर शो की अनाउंसमेंट एक तरह से उनके फैन्स के लिए एक मैसेज है कि सलमान अभी भी उतने ही 'दबंग' हैं। और इस तरह की घटनाओं से उनपर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। घर के बाहर हुई फायरिंग ने घबराकर थम जाने बॉस ओटीटी का है। और सलमान पॉपुलर रियलिटी

हॉलीवुड समाचार

पापा बनने वाले हैं हेनरी कैविल

हॉलीवुड के सुपरहॉट अभिनेताओं में शुमार हेनरी कैविल पिता बनने वाले हैं। खुद अभिनेता ने इस बात की पुष्टि की है। कैविल ने अपनी आगामी फिल्म 'द मिनिस्ट्री ऑफ अनजेंटलमैनली वारफेयर' के प्रीमियर पर अपने फैंस के साथ गुड न्यूज को शेयर किया। इसके साथ अभिनेता ने कहा कि वह पिता बनने को लेकर काफी उत्साहित हैं।

'द मिनिस्ट्री ऑफ अनजेंटलमैनली वारफेयर' के प्रीमियर पर एक्सेस हॉलीवुड ने हॉलीवुड के सुपरहॉट अभिनेता हेनरी कैविल से उनकी निजी जिंदगी के बारे में सवाल किया, जिसके जवाब में अभिनेता ने इस बात की पुष्टि की ।

'द मिनिस्ट्री ऑफ अनजेंटलमैनली वारफेयर' के प्रीमियर पर एक्सेस हॉलीवुड ने अभिनेता से उनकी निजी जिंदगी के बारे में सवाल किया, जिसके जवाब में अभिनेता ने इस बात की पुष्टि की कि वह वह अपनी प्रेमिका नेटली वैस्कुसो के साथ एक बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। हेनरी कैविल ने कहा, 'मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। नताली और मैं दोनों बहुत उत्साहित हैं। मुझे यकीन है कि आप इसमें और भी बहुत कुछ देखेंगे।'

एक्सेस हॉलीवुड ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या को-स्टार हेनरी गोल्डिंग को एक पिता के रूप में देखकर उन्हें अपने अगले अध्याय में पिता बनने के लिए प्रेरित करने में भूमिका निभाई है। इसपर कैविल ने कहा कि मेरा मतलब है, उन्होंने मुझे ऐसा करने के लिए प्रेरित नहीं किया। मेरे माता-पिता ने किया। बता दें, न्यूयॉर्क शहर में नाईट आउट के दौरान नेटली को बेबी बंप के साथ स्पॉट किया गया। इसके बाद चर्चाओं का माहौल गर्म हो गया, जिसकी पुष्टि अब अभिनेता ने कर दी है।

हेनरी कैविल ने गर्लफ्रेंड नेटली वस्कुसो के साथ अपने रिश्ते की पुष्टि 2021 में की थी। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर अपने रिश्ते में होने की घोषणा की थी। 2022 में 'एनोला होम्स 2' के प्रीमियर पर दोनों ने साथ में एक जोड़े के रूप में रेड कारपेट पर डेब्यू किया था।

दीवानी न्यायालय में तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नोएडा (चेतना मंच)। जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना के दिशा निर्देशन में तथा अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर ऋचा उपाध्याय की उपस्थिति में जन सामान्य से नामित परावि‍धिक स्वयं सेवकों के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र का आयोजन विगत दिवस दीवानी न्यायालय स्थित सभागार में आयोजित किया गया।

जिला कारागार में प्रथम सत्र के आयोजन में निरुद्ध बंदियों में से नामित परा विधिक स्वयं सेवकों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें निम्न विषय पर जानकारी परा विधिक स्वयं सेवकों को प्राप्त करायी गई। जिसमें सूचना का अधिकार अधिनियम, मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 1987, मोटर वाहन अधिनियम 1988, माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 आदि विषयों पर परा विधिक स्वयं सेवकों को विशेष विधिक प्रशिक्षण/ अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर ऋचा उपाध्याय एवं डॉक्टर अमित कुमार तथा विमलेश रावल मध्यस्थत /अधिवक्ता द्वारा उपलब्ध कराई गयी, इसके साथ-साथ उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में दीवानी न्यायालय में संचालित लीगल एंड डिफेंस काउंसिल द्वारा उपलब्ध करायी जा रही विधिक सुविधाओं के संबंध में जनपद की तीनों तहसील सदर, दादरी एवं जेवर मुख्यालय पर फ्लेक्स, बैनर लगाकर लीगल एंड डिफेंस काउंसिल तथा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नि:शुल्क विधिक सहायता के संबंध में प्रचार प्रसार किया गया।

दो ने सपा छोड़कर भाजपा का दामन थामा

नोएडा (चेतना मंच)। समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर के पूर्व सचिव असीम व उनके भाई नौशाद ने सपा छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। उन्होंने भाजपा में निष्ठा जताते हुए कहा कि वह जी जान से पार्टी प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा के पक्ष में प्रचार अभियान में जुटेंगे।

सेक्टर-55 स्थित अपने आवास पर चौधरी असीम व नौशाद चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी से गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा की धर्मपत्नी डॉ उमा शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने डॉ. उमा शर्मा को आश्वासन दिया कि वह डॉ महेश शर्मा को जिताने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे।

इस मौके पर शहजाद चौधरी, हाजी जुल्फिकार, फरीद हाजी, गुलफाम हाजी, दिलशाद, मोहसिन चौधरी नरेंद्र, हाजी सलमान, हाजी अयूब प्रधान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

आईएमए ने किया मतदान जागरूक कार्यक्रम का आयोजन

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-31 स्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सभागार में रोटरी क्लब आफ नोएडा, आईएमए, फोनरवा एवं भारत विकास परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। संस्थाओं के पदाधिकारी ने गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा को विजई बनाने की अपील की।

भारतीय जनता पार्टी के गौतमबुद्ध नगर लोकसभा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के लिए मतदान अवश्य करें। अपने साथ के दस परिवारों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें जिससे मध्य प्रतिशत बढ़े और एक बेहतर सरकार का निर्माण हो।

फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने भी उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान किया। आईं एम् ए अध्यक्ष डॉ सुनील अवाना ने भी शहरवासियों से भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ छवि वाले प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा हम सबके बीच के हैं। सुख-दुख की घड़ी में वह हमेशा क्षेत्र के लोगों के लिए उपलब्ध रहते हैं। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने भी अधिक से अधिक मतदान करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में पूर्व आईएएस देवदत्त ने भी लोकतंत्र के लिए वोट फॉर नेशन की अपील की।

इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ वी पी सिंह, डॉ एस पी शर्मा, रोटरी क्लब आफ नोएडा के अध्यक्ष आशुतोष सिंघल, समाजसेवी त्रिलोक शर्मा, सुधीर मित्ढा,भाजपा पुर्वांचल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हरीश वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता रविकांत मिश्रा, बेगराज गुर्जर, लाट साहब लोहिया, संजय चौहान, नरेंद्र चोपड़ा, संजय गुप्ता, आदि मौजुद रहे।

बिसरख पुलिस ने पकड़ी 12 लाख से ज्यादा की नगदी

नोएडा (चेतना मंच)। थाना बिसरख पुलिस एवं एफएसटी टीम द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 को दृष्टिगत रखते हुए चैकिंग व गश्त के दौरान लगभग 12 लाख रूपये से ज्यादा की नगदी बरामद की है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चैकिंग के दौरान कैलाश चन्द्रा पुत्र झल्लर शाहू निवासी एच-135 राजपुरम हाउसिंग कालौनी चिपियाना बुजुर्ग थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्धनगर व आशीष तायल पुत्र आर डी तायल निवासी सी-4 /104 पंचशील ग्रीन-1 थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्धनगर से क्रमश: 980000/- व 250000/- (कुल 12,30,000 रूपये) बरामद हुए। इन दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की गयी तो कोई संतोषजनक जबाव नही दे सके।

जेवर एयरपोर्ट को ईंधन सप्लाई करेगी बीपीसीएल

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के जेवर में बनाये जा रहे एशिया के सबसे बड़े जेवर एयरपोर्ट से उड़ने वाले हवाई जहाजों को देश की बड़ी पेट्रोलियम कंपनी ईंधन सप्लाई करेगी। ईंधन सप्लाई करने के लिए पाइपलाइन बिछाने के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बीच समझौता हो गया है।

बीपीसीएल 34 किलोमीटर पाइप लाइन डालेगा

उत्तर प्रदेश के नोएडा (गौतमबुद्धनगर) के जेवर में बनाये जा रहे जेवर एयरपोर्ट के लिए कॉर्बन उत्सर्जन को कम करते हुए जेवर एयरपोर्ट की एटीएफ मांग को पूरा करने के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआई) तथा भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल के बीच एक समझौता हुआ। समझौता पत्र पर

बीपीसीएल के मुख्य महाप्रबंधक विपणन (विमानन) सुजीत कुमार और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) की ओर से चीफ फाइनेंसल ऑफिसर सुश्री रितु समरा ने हस्ताक्षर किये। इस दौरान कार्यकारी निदेशक (पाइप लाइन) बीजू गोपीनाथ बिजनेस हेड (विमानन) संजीव कुमार तथा बीपीसीएल की सुश्री किरण जैन व सुश्री मयूरी वत्स भी उपस्थिति रहे।

जेवर एयरपोर्ट के लिए ईंधन सप्लाई करने के लिए बीपीसीएल 34 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन डालेगी जो जेवर एयरपोर्ट परिसर के भीतर 1.2 किलोमीटर तक फैली होगी। जेवर एयरपोर्ट के लिए पाइप लाइन डालने के बाद एयरपोर्ट के लिए टैंक लॉरी से ईंधन लाने की आवश्यकता खत्म हो जाएगी। बीपीसीएल व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) के बीच हुए इस अहम समझौते पर बीपीसीएल के निदेशक (मार्केटिंग) सुखमल जैन ने कहा कि बीपीसीएल हवाई अडडों पर एटीएफ सुविधाएं स्थापित करने में अग्रणी रहा है। सड़क मार्ग से ईंधन उपलब्ध कराने की जगह कंपनी पाईप लाइन के जरिए ईंधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

एनआईए की मुख्य परिचालन अधिकारी सुश्री किरण जैन ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट के लिए उपयोग होने वाले ईंधन को पाइप लाईन से उपलब्ध कराने पर बीपीसीएल के आभारी हैं। हमें विश्वास है कि यह कदम कार्बन उत्सर्जन को कम करेगा और हमारी दक्षता को और बढ़ावा देगा।

भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों के आश्रितों को मिलेगा प्रशिक्षण

नोएडा (चेतना मंच)। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी (अ0 प्रा0) कर्नल कपिल कत्याल ने बताया कि जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं बलिदानी वीर नारियों/दिवंगत सैनिकों की पत्नियों के आश्रितों को विभिन्न वर्गों में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2024-25 नि:शुल्क 480 घण्टे का इन्फारमेशन टेक्नोलाजी प्रशिक्षण, 30 दिन का एसएसबी कोचिंग, 300 घण्टे का कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग कोर्स व 180 घण्टे का कम्प्यूटर टैली कोर्स निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उ0प्र0 की ओर से नि:शुल्क कराया जाता है।

उन्होंने बताया कि जनपद के इच्छुक वीर नारी/सैनिक/आश्रित अपने दस्तावेजों तथा अपनी शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित अभिलेखों के साथ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, सी-ब्लाक, सै0-19, नोएडा, गौतमबुद्धनगर में 25 अप्रैल 2024 तक किसी भी कार्यदिवस पर संपर्क कर सकते हैं।

आप ने चलाया 'वोट की चोट' का आक्रामक अभियान : अवाना

नोएडा (चेतना मंच)। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में गौतमबुद्धनगर क्षेत्र में लोकतंत्र की रक्षा तथा संविधान बचाने के लिए वोट की चोट के नाम से एक आक्रामक अभियान चलाया है। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव राकेश अवाना ने दी है। श्री अवाना ने बताया कि जिस तरह केंद्र सरकार ने एक चुने हुए मुख्यमंत्री को लोकतंत्र की हत्या करते हुए जेल में डाल दिया है इसको लेकर सभी विपक्षी दल लामबंद हैं। संविधान को बचाने तथा लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए आम आदमी पार्टी ने वोट की चोट का आक्रामक अभियान छेड़ दिया है ताकि भारतीय जनता पार्टी को इस चुनाव में सबक सिखाया जा सके। श्री अवाना ने बताया कि इसी कड़ी में अभियान छेड़ दिया है इस अभियान के जरिए नोएडा, दादरी तथा जेवर विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी की कई टीमें गठित की गई है जो गांव-गांव तथा सेक्टर में जाकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी व कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी डॉ महेंद्र नगर के पक्ष में मतदान करने का आह्वान कर रही है ताकि हिटलर शाही भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सबक सिखाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान में आम आदमी पार्टी के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव पंकज अवाना भी लगातार जुटे हुए हैं।

एमिटी की छात्रा का गैजेट 'एक्वेरियस' समुद्र से ढूंढेगा माईक्रो नैनो प्लास्टिक

नोएडा (चेतना मंच)। एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोस्पेस इंजिनियरिंग की बी टेक (एयरोस्पेस इंजिनियरिंग) की अंतिम वर्ष की छात्रा सुश्री रिया पी डे ने अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा आयोजित युक्ति इनोवेशन चैलेंज 2023 में भाग लिया और अपने नवाचार ''एक्वेरियस'' के लिए 7 लाख का ग्रांट सपोर्ट प्राप्त किया।

एआईसीटी और शिक्षा मंत्रालय से मिली फंडिंग

विदित हो कि फंडिंग मूल्यांकन चरण से गुजरने वाली कुल 441 टीमों में से कुल 135 नवाचारों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल से अनुदान या ग्रांट प्राप्त करने के लिए पात्र पाया गया है ताकि वे अपने नवाचारों पर काम कर सकें। इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

समुद्र में माइक्रो नैनो प्लास्टिक की सांद्रता में भारी वृद्धि हुई है। ये माइक्रो नैनो प्लास्टिक जब गलती से समुद्री जीवन में प्रवेश कर जाते है तो कई नकारात्मक दृष्प्रभावों का कारण बनते है, इसलिए एक पूरी तरह से स्वायत्त पानी के नीचे वाहन एक्वेरियस डिजाइन किया है जो न केवल कन्वोल्यूशनल न्यूरल नेटवर्क्स की मदद से इन माइक्रो नैनो प्लास्टिक का पता लगाने में सक्षम है बल्कि मेम्ब्रेन बायो रिएक्टर की मदद से इसे पकड़ने और हटाने में भी सक्षम है। एक्वेरियस अंडरवाटर वाहन सूक्ष्म नैनो प्लास्टिक का पता लगाएगा और उसे हटाएगा जिससे जैव विविधता का संरक्षण होगा और जलीय वनस्पतियों और जीवों को बचाया जा सकेगा। एकत्रित माइक्रो नैनो को रिसाइक्लिंग के लिए भेजा जाएगा।

एमिटी विवि के बी.टेक (एयरोस्पेस इंजिनियरिंग) की अंतिम वर्ष की छात्रा सुश्री रिया पी डे ने बताया कि मैं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल से फंडिंग प्राप्त करके स्वंय को सम्मानित और आत्मविश्वास से भरपूर महसूस कर रही हूं जो मुझे अपने इनोवेशन को और अधिक विकसित करने में सक्षम बनायेगा।

निजी यूनिवर्सिटी के बाहर खड़े वाहनों के चालान

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने शहर में अवैध रूप से पार्किंग करने वालों पर सख्त एक्शन लिया है। नोएडा पुलिस ने सेक्टर-126 में एक निजी यूनिवर्सिटी के सामने खड़े वाहनों को टो किया और 200 से ज्यादा वाहनों के चालान काटे।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम नोएडा प्रवीण कुमार सिंह व एसीपी यातायात राजीव गुप्ता द्वारा, थाना प्रभारी सेक्टर-126 ने पुलिस बल के साथ थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के अंतर्गत निजी यूनिवर्सिटी के आस-पास विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 278 गाड़ियों के चालान व 16 गाडियों को टो किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने सभी वाहन चालकों को निर्देशित किया गया कि वह यातायात नियमों का पालन करे अथवा उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। पुलिस टीम द्वारा आस-पास के क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते हुए संदिग्ध प्रतीत हो रहे वाहनों/व्यक्तियों की तलाशी भी ली गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस द्वारा लगातार की जा रही इस प्रकार की कार्यवाही की सराहना की गयी।

ईवीएम की सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मनीष कुमार वर्मा

फूलमंडी का किया निरीक्षण, सीसीटीवी, फायर सेफ्टी व स्ट्रांग रूम में देखी व्यवस्थाएं

नोएडा (चेतना मंच)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने फूल मंडी फेस-2 नोएडा में पहुंचकर ई.वी.एम./वीवीपैट मशीनों की तैयारी(कमिश्निंग) कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान फूल मंडी में स्थित कमरों, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहनता के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी उपकरण आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि ईवीएम कमिश्निंग निर्वाचन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। ईवीएम कमिश्निंग में सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी संबंधित अधिकारी सतर्कता बरतते हुए पूरी गंभीरता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम कक्ष, सभी सुविधाएं ससमय दुरुस्त रखी जाए तथा अन्य सभी व्यवस्थाओं को शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही बेरिकेटिंग, सीसीटीवी कैमरा, पार्किंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम के प्रवेश द्वार में सुरक्षा के पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने तथा स्ट्रांग रूम में केवल अधिकृत व्यक्ति को ही समुचित रूप से जाँच आदि के उपरांत प्रवेश देने के निर्देश दिए ताकि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

निरीक्षण के दौरान तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण, मंडी सचिव संजय कुमार सिंह एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रत्याशी लेखा व्यय प्रस्तुत करें

नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर की नोडल अधिकारी (व्यय अनुवीक्षण) शिखा गुप्ता ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों का व्यय लेखा, व्यय



प्रेक्षक के निर्देशन में द्वितीय 19-04-2024 एवं तृतीय 24-04-2024 चरणों के अनुसार निरीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि समस्त अभ्यर्थी जो लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के निर्वाचन प्रत्याशी है उक्त तिथियों में स्वयं अथवा उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता निर्धारित तिथि/समय पर कलेक्ट्रेट सभागार सूरजपुर ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर में उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करें। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने के लिए दैनिक व्यय लेखा पंजिका, नगद पंजिका, बैंक पंजिका, वाउचर, बैंक स्टेटमेन्ट की छाया प्रतियां तीन सेट में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। लेखा प्रस्तुत करने की तिथि को एक दिन पूर्व का लेखा प्रस्तुत करना होगा।

उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत न करने की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उनके जनसभा/ जुलूस तथा वाहन की परमिशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने सम्बन्धी कार्यवाही की जा सकती है।